

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,शुक्रवार 09 अगस्त 2024 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-5 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-133 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 10 अगस्त 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## मोदी की अंतिम चेतावनी के बाद हरकत में आई बांग्लादेश सरकार

हिन्दुओं की सुरक्षा का मामला




**नई दिल्ली,9 अगस्त।** बांग्लादेश में इस वक्त जिस तरह की अराजकता चल रही है। वहां रह रहे डेढ़ करोड़ हिंदुओं के सामने सिर्फ हिंदुस्तान की तस्वीर होगी। ऐसे में भारत ने हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर कड़ा संदेश दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश में अंतरिम सरकार बनने के बाद अपने पहले संदेश में ही हिंदुओं के साथ हो रहे हिंसा का मुद्दा उठाया है। दूसरी तरफ बांग्लादेश में बड़ी संख्या में कट्टरपंथी हिंसा का शिकार हिंदू भारत में घुसने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में बांग्लादेश से जुड़ने वाली लगभग चार हजार किलोमीटर की सीमा पर हलचल चल रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने शपथ ग्रहण के बाद बांग्लादेश से हिंदुओं को लेकर बड़ी बात कही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश में सरकार बनने के बाद पहले संदेश में ही नई सरकार को हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संदेश दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस को नई जिम्मेदारियों संभालने पर मेरी शुभकामनाएं। हम हिंदुओं और अन्य सभी अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सामान्य स्थिति में शीघ्र वापसी की उम्मीद करते हैं। भारत शांति, सुरक्षा और विकास के लिए दोनों देशों के लोगों की साझा आंकाक्षाओं को पूरा करने के लिए बांग्लादेश के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। यानी भारत बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर सतर्क है।

हिंदुओं पर जारी हिंसा के बीच नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख के तौर पर 8 अगस्त की देर रात शपथ ली। देश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली के खिलाफ और फिर सरकार विरोधी व्यापक प्रदर्शनों के बीच शेख हसीना ने सोमवार को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और देश छोड़कर चली गई थीं। बांग्लादेश में अफरा-तफरी के माहौल के बीच यूनुस ने देश की बागडोर संभाली है और उनके सामने फिलहाल देश में शांति बहाल करने और चुनाव कराने का जिम्मा है। यूनुस को राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने राष्ट्रपति भवन 'बंगभवन' में आयोजित एक समारोह में मुख्य सलाहकार के रूप में शपथ दिलाई जो प्रधानमंत्री के समकक्ष पद है। यूनुस ने कहा कि अगर आपको मुझ पर विश्वास है तो यह सुनिश्चित करना होगा कि देशभर में कहीं किसी पर कोई हमला नहीं होगा। यह हमारी प्राथमिकता है। अगर मैं ऐसा नहीं कर सका और आप मेरी बात नहीं सुनते हैं तो यहां मेरी कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदायों पर हमलों को साजिश बताया।

## शाही ईदगाह-कृष्ण जन्मभूमि मामले में सर्वे पर जारी रहेगी रोक

**नई दिल्ली,9 अगस्त।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटी शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वे पर रोक लगाने वाले अपने पिछले आदेश को नवंबर तक के लिए बढ़ा दिया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार की पीठ ने मामले की सुनवाई स्थगित करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर व्यापक बहस की आवश्यकता है। इस महीने की शुरुआत में इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा जारी संबंधित आदेश को भी ध्यान में रखना होगा। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने हाईकोर्ट के एक अगस्त के आदेश का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित 18 मुकदमों में सुनवाई जारी रह सकती है। मस्जिद प्रबंधन समिति की चुनौती को खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने अब मुकदमे की सुनवाई शुरू करने के लिए 12 अगस्त की तारीख तय की है। हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने पीठ से सर्वे पर रोक हटाने का अनुरोध करने वाली उनकी याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करने का आग्रह किया। हाईकोर्ट के 1 अगस्त के आदेश का हवाला देते हुए जैन ने जोर देकर कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष मुस्लिम पक्ष की याचिका निष्प्रभावी हो गई है। हालांकि पीठ ने जवाब दिया कि मामले की सुनवाई नवंबर में ही होगी।सुप्रीम कोर्ट इलाहाबाद हाईकोर्ट के 26 मई के आदेश को चुनौती देने के मामले में उलझा हुआ है। मथुरा में विभिन्न सिविल न्यायालयों में हिंदू पक्षों द्वारा मस्जिद की भूमि पर अधिकार का दावा करते हुए दायर किए गए लगभग 18 मुकदमों को उसने अपने पास ट्रांसफर कर लिया था। ईदगाह समिति और यूपी सुन्नी वक्फ बोर्ड ने इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में लाया।



सुप्रीम कोर्ट ने 16 जनवरी को मस्जिद सर्वेक्षण की निगरानी के लिए अधिवक्ता-आयुक्त की नियुक्ति के हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी।हाईकोर्ट का आदेश भगवान श्रीकृष्ण विराजमान कटरा केशव देव खेवट मथुरा (देवता) द्वारा नेक्स्ट फ्रेंड रंजना अग्निहोत्री और सात अन्य के माध्यम से दायर याचिका पर आया था। नेक्स्ट फ्रेंड किसी ऐसे व्यक्ति का कानूनी प्रतिनिधि होता है जो सीधे मुकदमा चलाने में असमर्थ होता है। हिंदू याचिकाकर्ताओं ने अनुरोध किया था कि मूल मुकदमा उच्च न्यायालय द्वारा चलाया जाए क्योंकि मामला राष्ट्रीय महत्व का था। दूसरी ओर मस्जिद प्रबंधन समिति ने लंबे विलंब के बाद मुकदमों की स्थिरता पर सवाल उठाया और आगे तर्क दिया कि यह मुकदमा पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 द्वारा वर्जित है। मस्जिद प्रबंधन समिति ने मुकदमों की स्थिरता पर सवाल उठाते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष एक अलग याचिका भी दायर की थी। हालांकि 1 अगस्त को एक आदेश द्वारा उच्च न्यायालय ने माना कि मुकदमे स्थिरता योग्य थे और मुद्दों को तय करने के लिए 12 अगस्त की तारीख तय की।कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद भूमि विवाद से संबंधित कई मुकदमे मथुरा की विभिन्न अदालतों में लंबित हैं। इनमें मस्जिद के 13.37 एकड़ भूमि को पुनः प्राप्त करने की मांग भी शामिल है।

## शिक्षक करने लगा डाक्टरी,छात्रा की गलत इलाज से मौत

**जीपीएम,9अगस्त।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में इलाज के बाद एक स्कूली छात्रा की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शिक्षक डॉक्टर बनकर गांव में क्लीनिक खोलकर लोगों का इलाज करता था। इस बीच एक छात्रा की तबीयत खराब होने के बाद वो डॉक्टर प्रदीप जयसवाल के पास पहुंची जो कि मूल रूप से गांव का शिक्षक है। जिसके बाद छात्रा की गलत इलाज के बाद उसकी मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार मरवाही के बहरीझोरखी की रहने वाली आठवीं कक्षा की छात्रा कु. उमा गोंड़ की तबीयत 19 जुलाई को खराब होने पर निमधा गांव में एक शिक्षक प्रदीप जायसवाल जोकि लोगों का इलाज भी करता है, मृतिका के माता ,पिता ईलाज कराने डा .प्रदीप जायसवाल के क्लीनिक निमधा सुबह लेकर गये थे, जो उपचार किया दवाईयां दिए, दो बाटल ग्लूकोज चढाया और कुछ दवाईया लिखकर घर भेज दिया था।

पर्ची में लिखे और बताए अनुसार दवाई दोपहर में घर में खाने के बाद तबियत सुधरने के बजाए बिगड़ने पर मृतका को सीएचसी मरवाही में शाम को लाकर भर्ती कराया गया था जो कुछ देर उपरांत उसकी मृत्यु हो गई। डा. द्वारा दिए गए दवाईयों के गुण और दोष के संबंध में पत्र लिखकर पीएम करने वाले चिकित्सक डॉक्टर हरिओम गुप्ता सीएचसी मरवाही से क्यूरी कराया गया। जिसने गलत तरीके से इलाज की पुष्टि भी की।

## एससी, एसटी आरक्षण के मुद्दे पर बीजेपी के 100 सांसदों ने की पीएम मोदी से मुलाकात

**नई दिल्ली,9 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) से संबंधित लगभग 100 सांसदों ने शुक्रवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस बैठक का उद्देश्य सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी/एसटी कोटे के भीतर क्रीमी लेयर लागू करने के संबंध में दिए गए फैसले पर चर्चा करना था। सांसदों ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि यह फैसला लागू नहीं किया जाना चाहिए।

सांसदों ने स्पष्ट किया कि उनका विरोध उपवर्गीकरण के खिलाफ नहीं है, बल्कि एससी/एसटी समुदाय के लिए क्रीमी लेयर के प्रावधान के खिलाफ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट शेयर कर इस मुलाकात की जानकारी दी और आश्वासन दिया कि एससी/एसटी समुदाय के लिए क्रीमी लेयर का प्रावधान लागू नहीं किया जाएगा। ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट ने बीते हफ्ते एससी/एसटी वर्ग के कोटे में उपवर्गीकरण को मंजूरी दी थी। कोर्ट ने कहा था कि एससी/एसटी कैटेगरी के भीतर नई उपश्रेणियां बनाई जा सकती हैं और इसके तहत अत्यंत पिछड़े तबके को अलग से आरक्षण दिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि राज्य सरकारें कोटे के भीतर कोटे की अनुमति दे सकती हैं, लेकिन उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह निर्णय राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के आधार पर न लिया जाए। यदि ऐसा होता है, तो निर्णय की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर कोई राज्य सरकार किसी जाति को कोटे के अंदर कोटा देती है, तो उस राज्य सरकार को यह साबित करना होगा कि यह पिछड़ेपन के आधार पर ही किया गया है। यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि एससी/एसटी के कुल आरक्षण का 100 प्रतिशत हिस्सा किसी एक वर्ग को न दिया जाए। प्रधानमंत्री के साथ बैठक में शामिल सांसदों ने जोर देकर कहा कि एससी/एसटी समुदाय के लिए आरक्षण का उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करना है। यदि क्रीमी लेयर का प्रावधान लागू किया जाता है, तो यह उन लोगों के लिए नुकसानदायक होगा, जो अभी भी समाज के हाशिए पर हैं।

## मनीष सिसोदिया को मिली जमानत

### हफ्ते में दो दिन थाने में लगानी होगी हाजिरी

**नई दिल्ली,9अगस्त।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आखिरकार जमानत मिल गई है. सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें ईडी और सीबीआई केस में शुक्रवार को जमानत दे दी. सिसोदिया 17 महीनों बाद जेल से बाहर निकलेंगे. आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता को पिछले साल 26 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था. वह तब से ही तिहाड़ जेल में बंद थे. सिसोदिया 16 महीने बाद 'सूर्योदय और सूर्यास्त' देखेंगे.

सुप्रीम कोर्ट ने सिसोदिया को 10-10 लाख रुपये के 2 मुचलकों पर जमानत दी है. अदालत ने उन्हें पासपोर्ट सरेंडर करने, हर हफ्ते सोमवार को जांच अधिकारी को रिपोर्ट करने और गवाहों को प्रभावित नहीं करने की शर्त पर जमानत दी है. सुप्रीम कोर्ट ने जिस वक्त मनीष सिसोदिया को जमानत दी, उस समय श्रष्ठ के वकील ने मांग की कि पूर्व मंत्री को दिल्ली सचिवालय जाने से रोकने की शर्त को भी आधार बनाकर जमानत दिया जाए. कोर्ट ने इससे इनकार कर दिया.बेंच ने कहा, 'अपील स्वीकार की जाती है. दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को रद्द किया जाता है. उन्हें ईडी और सीबीआई दोनों केसों में जमानत दी जाती है.' बेंच ने कहा, 'सिसोदिया स्पीडी ट्रायल के अधिकार से वंचित हैं. हाल ही में जावेद गुलाम नबी शेख केस में हमने इस पक्ष पर विचार किया था और कहा था कि जब कोर्ट, राज्य या एजेंसियां स्पीडी ट्रायल के अधिकार की रक्षा नहीं कर सकती है तो जमानत का यह कहकर विरोध नहीं किया जा सकता है कि अपराध गंभीर है.

## संक्षेप



आज नागपंचमी

### छत्तीसगढ़ में एक साथ होंगे निकाय और पंचायत चुनाव

**रायपुर,9अगस्त।** छत्तीसगढ़ में आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू हो चुकी है। संभवतः शीघ्र ही यहां निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जा सकता है। इस बीच डिप्टी सीएम अरुण साव के एक बयान दिया है कि छत्तीसगढ़ में निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं। दरअसल डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि देश में वन नेशन-वन इलेक्शन की चर्चा हो रही है। छत्तीसगढ़ सरकार भी इसी दिशा में सोच रही है। निकाय-पंचायती चुनाव एक साथ कराए जाने को लेकर सुझाव मांगे गए हैं। राज्य सरकार ने एक कमेटी का भी गठन किया है, जो सुझावों पर विचार करके तय करेगी। निकाय व पंचायती नियमों का भी अध्ययन करेंगे, जिसके बाद समिति की रिपोर्ट पर सरकार निर्णय करेगी।

### व्याख्याता से जिला शिक्षा अधिकारी बने टीकाराम ने भ्रष्टाचार से बनाई करोड़ों की संपति

**रायपुर,9 अगस्त।** बिलासपुर जिला शिक्षा अधिकारी टीकाराम साहू के ठिकानों पर एसीबी-ईओडब्लू की छापेमारी के बाद दर्ज कराए गए एफआईआर में जो जानकारी है, वह सरकारी महकमें, खासतौर से शिक्षा विभाग की सड़ंध को बताने के लिए काफी है. एसीबी की एफआईआर में उनके करीबन 35 साल के कार्यकाल में खड़ी की गई अकूत संपत्ति का पूरा ब्यौरा है. एसीबी की एफआईआर में दी गई



जानकारी के अनुसार, डीईओ साहू ने खुद के नाम 9 और आत्मानंद स्कूल में पदस्थ अपनी शिक्षिका पत्नी पूर्णिमा साहू के नाम 15 सम्पत्तियाँ खरीदी. इसमें रिहायशी प्लॉट्स के अलावा कृषि भूमि भी शामिल है. ये सभी प्रॉपर्टी कबीरधाम जिले में खरीदी गई. यही नहीं रजिस्ट्री स्टाम्प की कीमत ही करोड़ों में बताई गई है. इसमें अहम बात को सामने आई है कि डीईओ के निवास से एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम को कुछ खास नगद हासिल नहीं हुआ. बिलासपुर जिला शिक्षा अधिकारी टीकाराम साहू के खिलाफ राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ संजय दिनकर देवस्थले ने ईओडब्ल्यू में रिपोर्ट दर्ज कराई है. इसमें बताया गया कि लोक सेवक के रूप में कार्य करते हुए टीआर साहू ने स्वयं एवं परिवार के सदस्यों के नाम से ज्ञात आय के स्त्रोत से काफी अधिक करोड़ों रुपए की अचल संपत्तियां अर्जित की. एफआईआर में टीकाराम साहू के नाम पर दर्ज 16 संपत्तियों का और उनकी पत्नी पूर्णिमा साहू के नाम पर दर्ज 7 संपत्तियों का ब्यौरा दिया गया है.

### आतंकी रिजवान बंदी पिस्टल बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने आईएसआईएस मॉड्यूल का आतंकी गिरफ्तार किया है। आईएसआईएस मॉड्यूल के आतंकवादी की पहचान रिजवान अली के रूप में हुई है। जांच एजेंसी एनआईए ने उस पर तीन लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। रिजवान दिल्ली के दरियागंज का रहने वाला है। बताया जा राह है कि रिजवान पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल का मोस्ट वांटेड आतंकी है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने उसे गिरफ्तार किया है। उसके पास से हथियार भी मिले हैं।

## बिहार में मंदिर, मठ और ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य



**पटना,9 अगस्त।** वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पर मचे विवाद के बीच बिहार सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। नीतीश सरकार ने राज्य के सभी मंदिर, मठ और ट्रस्ट के रजिस्ट्रेशन का फरमान जारी किया है। सरकार ने सभी जिलों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि उनके जिलों में बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे मंदिरों और मठों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य तौर पर किया जाए। रजिस्ट्रेशन नहीं कराने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

बिहार के कानून मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी मंदिरों, मठों और ट्रस्टों का अनिवार्य तौर पर रजिस्ट्रेशन कराया जाए। इसके साथ ही इनकी अचल संपत्तियों का पूरा ब्योरा राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड को सौंपा जाए। इन मठों और मंदिरों के ब्योरे, उनकी संपत्तियों के विवरण को धार्मिक न्यास बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किया जाना अनिवार्य है। बता दें कि बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड यानी बीएसबीआरटी राज्य सरकार के विधि विभाग के तहत आता है। बिहार के कानून मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि सभी जिलों के डीएम को पत्र जारी कर निर्देश दिए गए थे कि सभी मंदिरों, मठों और ट्रस्टों का अनिवार्य तौर पर रजिस्ट्रेशन कराया जाए।

नितिन नवीन ने कहा कि मैंने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजा है, लेकिन अभी तक सिर्फ 18 जिलों ने बीएसबीआरटी को डेटा सौंपा है। मंत्री ने कहा कि बिहार हिंदू धार्मिक ट्रस्ट अधिनियम, 1950 के अनुसार सभी मंदिरों, मठों, ट्रस्ट्स और धर्मशालाओं को बीएसबीआरटी के तहत रजिस्टर्ड करना अनिवार्य है. रजिस्टर्ड मंदिरों, मठों और ट्रस्ट की संपत्तियों की जानकारी सार्वजनिक रहे ताकि गलत तरीके से इसकी बिक्री या खरीद करने वालों पर एक्शन लिया जा सके। बीएसबीआरटी के ताजा डेटा के मुताबिक, राज्य में फिलहाल लगभग 2512 गैर पंजीकृत मंदिर और मठ हैं।

### विधायक देवेंद्र को पुलिस ने परेशान किया तो कांग्रेस चुप नहीं बैठने वाली:बैज

**रायपुर,9 अगस्त।** बलौदाबाजार घटनाक्रम में विधायक देवेंद्र यादव को मिल रहे नोटिस पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि विधायकों को लगातार परेशान किया गया तो कांग्रेस पार्टी चुप बैठने वाली नहीं है. सरकार के खिलाफ जन आंदोलन खड़े किए जाएंगे.

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने मीडिया से चर्चा में कहा कि घटना को लेकर भाजपा सरकार अपनी विफलता को छुपा रही है. कांग्रेस नेता, विधायकों पर दुर्भावनापूर्वक कार्रवाई कर रही है. अगर सरकार पाक-साफ है तो सतनामी समाज ने सिर्फ सीबीआई जांच की मांग की तो इसकी घोषणा क्यों नहीं की गई. तिरंगा यात्रा को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव के बयान पर बैज ने कहा कि इस बयान का कोई अर्थ नहीं.

## विपक्ष के आचरण पर जेपी नड्डा ने संसद में पेश किया निंदा प्रस्ताव

धनखड़ और जया बच्चन के बीच नोकझोंक,वॉक आउट



**नई दिल्ली,9 अगस्त।** विपक्ष के आचरण को लेकर जेपी नड्डा ने संसद में निंदा प्रस्ताव पेश किया। राज्यसभा में बीजेपी के जेपी नड्डा ने कहा कि आज सदन में जो कुछ हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मौके पर पूरा देश राज्यसभा के सभापति के साथ खड़ा है। नड्डा ने कहा कि आज क्या हुआ और विपक्ष ने आज कैसा व्यवहार किया, इससे पता चलता है कि उसमें सीमाओं और अनुशासन की कमी है। वह लोगों और पार्टियों का विरोध करते हुए देश का विरोध करने लगा है। विपक्ष देश को कमजोर करना चाहते है. विपक्ष को माफी मांगनी चाहिए। अभिनेत्री-राजनेता जया बच्चन और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ एक बार फिर आमने-सामने हो गए। जया ने उपराष्ट्रपति पर उनका अपमान करने और अस्वीकार्य लहजे में बात करने का आरोप लगाया। विपक्षी सदस्यों ने सभापति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और राज्यसभा से वॉकआउट किया। उच्च सदन में बोलते हुए बच्चन, ने कहा कि वह एक अभिनेता होने के नाते अन्य लोगों की शारीरिक भाषा और भावों को समझती हैं और धनखड़ द्वारा उनके खिलाफ इस्तेमाल किए गए अस्वीकार्य लहजे पर आपत्ति जताई।उन्होंने कहा कि मैं एक कलाकार हूं। मैं शारीरिक भाषा और भाव समझती हूं। लेकिन आपका लहजा सही नहीं है। हम आपके सहकर्मी हैं लेकिन आपका लहजा अस्वीकार्य है। इस पर धनखड़ ने बच्चन से कहा कि भले ही वह एक सेलिब्रिटी हों, लेकिन मर्यादा बनाए रखने के महत्व को समझें। लेकिन जब विपक्षी सदस्यों ने अभिनेता-राजनेता का पक्ष लिया और सभापति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया तो उन्होंने अपना आपा खो दिया।धनखड़ ने पलटवार करते हुए कहा कि जया जी आपने बहुत नाम कमाया है। आप जानती हैं कि एक अभिनेता निर्देशक के अधीन होता है।

**आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल, पेरिस : 2024, हॉकी में भारतीय टीम ने जीता कांस्य पदक** jasclaudius@gmail.com

## युवाओं में आकर्षण पैदा करने वाला प्रदर्शन

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

1986 से प्रारंभ ओलंपिक खेलों में पुरुष हॉकी की प्रतियोगिता 1928 एम्सटर्डम ओलंपिक से आरंभ हुई। स्वतंत्रता पूर्व ब्रिटिश कालीन भारत में 1932 के लॉस एंजिल्स अमेरिका फिर 1936 के बर्लिन में हाकी का सिरमौर बना। इससे हाकी की लोकप्रियता हमारे देश में दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ गई। 1948 से 1980 तक हाकी में ठीक ठाक चला लेकिन उसके पश्चात 2016 तक भारतीय हाकी के पतन का दौर चला। इससे युवाओं में हाकी के प्रति लगाव निरंतर कम होता चला गया। भारत के नागरिकों के मन मस्तिष्क में हाकी के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण इस खेल से लोगों की कम दिलचस्पी कम होने लगी। 1980 से 2020 तक भारतीय हाकी का इतिहास मायूसी भरा रहा। इस दौरान 1998 में एशियाई खेलों में चैंपियन बनने के अलावा कोई उल्लेखनीय प्रदर्शन नहीं रहा। रायपुर भारत में 2014-15 में सम्पन्न वर्ल्ड हॉकी लीग में भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता और यही से भारतीय हाकी ने दुनिया में फिर से स्थापित होना आरंभ किया। 2020 में टोक्यो और अब 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत ने कांस्य पदक जीतकर भारतीय युवाओं का इस खेल के प्रति ध्यान आकृष्ट किया है। भारतीय हाकी खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और समर्पण के दम पर लगातार दूसरे ओलंपिक में भारत को पदक दिलाया है उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। 2024 पेरिस में भारत को ग्रुप बी में बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, आयरलैंड, न्यूजीलैंड के साथ रखा गया था। ग्रुप मैच राउंड राबिन आधार पर खेला गया जिसमें भारत ने अर्जेंटीना को बराबरी पर रोका, आस्ट्रेलिया, आयरलैंड, न्यूजीलैंड को पराजित किया तथा बेल्जियम से परास्त हुआ। इस तरह क्वार्टर फायनल में भारत ने जगह बनाई। यहां पर नाकआउट आधार पर मुकाबले हुए। भारत ने क्वार्टर फायनल में ग्रेट ब्रिटेन को पछाड़ा। सेमीफाइनल में उसे जर्मनी ने हराया। फिर तीसरे-चौथे स्थान के लिए हुए मुकाबले में भारत ने स्पेन को शिकस्त देकर




कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। हाकी इंडिया ने टीम को तैयार करने में योजनाबंद्ध ढंग से काम किया। पिछले 12 वर्षों से लागातार जूनियर और सीनियर टीम का चयन करके उसे प्रशिक्षित करने की कार्ययोजना बनाई। इसमें केंद्र सरकार का खेल विभाग, भारतीय खेल प्राधिकरण की भी योगदान रहा। लेकिन आज भारत की विश्व में हाकी की स्थिति के लिए ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नबीन पटनायक की महत्वपूर्ण भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता। आज भारतीय हाकी के उत्थान के लिए भूतपूर्व कप्तान दिलीप तिर्की का मार्गदर्शन काबिल-ए-तारीफ है। पेरिस के लिए चुनी गई पुरुष हाकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने अपनी-अपनी भूमिका को बखूबी निभाकर भारतीयों का दिल जीत लिया है। कप्तान के रूप में हरमनप्रीत सिंह ने टीम को एक सूत्र में बांधकर रखा। गोलकीपर से लेकर फारवर्ड, डिफेंडर सभी ने अपनी भूमिका निभाने में कोई कसर नहीं दोड़ी। भारतीय हाकी टीम के खिलाड़ियों ने आक्रमण व बचाव का एक ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया जो टीम की एकजुटता को प्रदर्शित करने के लिए काफी है। 41 वर्ष के भारत के सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी पीआर श्रीजेश चौथी बार भारत के तरफ से ओलंपिक में भाग लिया। उन्होंने इस टूर्नामेंट में शुरू से लेकर अंत तक कम से कम 8-9 निश्चित गोल को बचाया और भारतीय टीम के पराजय को टाल दिया। इसी तरह कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने फारवर्ड खिलाड़ियों द्वारा विपक्षी गोल पर किए गए हमले के बाद मिले पेनाल्टी कार्नर को गोल में तब्दील करने में अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। पेनाल्टी कार्नर के दौरान विपक्षी गोल पोस्ट के अंदर गेंद को डालने की अद्भुत क्षमता, निशाना ने भारतीय टीम में लगातार साहस बढ़ाया। भारत ने इस चैंपियनशिप में खेले अपने आठ मैच के 15 गोल में से 10 गोल दागे। आज वे विश्व के महान ड्रेग फ्लिकर हैं। हमारी हाकी टीम भले ही तीसरे स्थान पर रही परंतु अपने लाजवाब खेल के कारण भारतीय खेल प्रेमियों में हाकी के प्रति दिलचस्पी पैदा करने में सफल रही।

## मलबे में गेवरा के कई वाहन दबे

**कोरबा,9 अगस्त।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की कोरबा जिले की ओपन कास्ट माइंस के लिए बारिश का मौसम इस बार परेशानी का कारण बना हुआ है। कुसमुंडा में एक अधिकारी के बहकर मृत होने की घटना के बाद अब गेवरा में हादसा हो गया। यहां जनहानि तो नहीं हुई लेकिन बारिश के साथ आए मलबा में कई वाहन दब गए। इससे भारी-भरकम में भारी भरकम खोदाई की जाती है। इस दौरान निकलने वाली मिट्टी और पत्थर को हटाने के साथ नजदीकी क्षेत्र में डंप किया जाता है। बताया गया कि के.जे.सिंह को यहां ओवरबर्डन का काम मिला हुआ है। इस इलाके में बड़ी संख्या में मशीनरी और अन्य संसाधन लगाए गए हैं। कामकाज के अंतर्गत उन्हें इस इलाके में खड़ा किया जाता है। रात्रि से लगातार हो रही बारिश का रौद्र रूप



नुकसान की खबर है। सूचनाओं के मुताबिक विश्व की सबसे बड़ी ओपन कास्ट माइंस गेवरा में के.जे.सिंह के साइड पर यह घटना बीती रात्रि हुई। रात से ही बारिश का दौर जारी है। हर तरफ इसने अपना असर डाला। ओपनकास्ट कोल माइंस में कोयला निकालने की प्रक्रिया से पहले सतह सामने आया तो ओबी से मलबा भी बड़ी तेजी से बहना शुरू हो गया। इसके साथ वजनी चीजें बहकर भी सामने आईं। इसने वाहनों को अपनी जद में ले लिया। घटनाक्रम में कितने वाहन चपेट में आए इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है लेकिन जो वीडियो और फोटो सामने आए हैं

## एक नजर

### वीवीआईपी सुरक्षा में कमी न हो:आईजी



**भिलाई, 9 अगस्त।** भिलाई दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग ने वीवीआईपी और वीआईपी सुरक्षा के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक ली। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए उपलब्ध कराए गए उपकरणों की उपलब्धता, कमी, और आवश्यकताओं की समीक्षा करना था बैठक में पुलिस महानिरीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वीवीआईपी और वीआईपी सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कमी न हो और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को प्रभावी ढंग से बनाए रखने के लिए सुरक्षा तंत्र में तकनीकी उन्नयन और प्रशिक्षण की आवश्यकता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके साथ ही, लंबित अपराध, मर्ग, शिकायत, और चिन्हित अपराधों के संबंध में भी व्यापक चर्चा की गई। पुलिस महानिरीक्षक ने सभी लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि शिकायतों का समयबद्ध निपटारा हो और जनता के साथ संवाद को और भी प्रभावी बनाया जाए, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और विश्वास बढ़े। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला, पुलिस अधीक्षक बेमेतरा राम कृष्ण साहू, और पुलिस अधीक्षक बालोद एस आर भगत ने भी अपने-अपने जिलों में कानून व्यवस्था की वर्तमान स्थिति, सुरक्षा प्रबंध, और लंबित मामलों पर विस्तृत चर्चा की। अधिकारियों ने पुलिस महानिरीक्षक को अपने जिलों में सुरक्षा के मौजूदा इंतजामों और आवश्यक सुधारों के बारे में अवगत कराया ।

### हमले के आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 9 अगस्त।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र हमला करने वाले फरार आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया है पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जेल भेज दिया पुलिस ने बताया कि विगत दिनों हाउसिंग बोर्ड में रजनीश चौधरी पर कटर से हमला करने वाले दो नाबिलगों को गिरफ्तार किया था, लेकिन प्लानिंग करने वाला आरोपी विकास सिंह और हमले में शामिल अतुल और ऋषभ फरार हो गए थे आरोपियों की खोजबीन के लिए टीम लगी थी जैसे ही सूचना मिली तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तीनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कोर्ट भेजा गया ।

### मारपीट का आरोपी कोर्ट से फरार

**भिलाई, 9 अगस्त।** भिलाई मारपीट के एक मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा पकड़ कर लाया गया आरोपी पुलिस की उपस्थिति में ही हथकड़ी छुड़ाकर कोर्ट से फरार हो गया घटना के बाद से पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है जानकारी के दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा मारपीट के एक मामले के आरोपी भूपेंद्र सागर को हथकड़ी लगाकर दोपहर लगभग 3ः30 बजे कोर्ट में पेश किया जा रहा था कोर्ट में सीढ़ी चढ़ने के दौरान पहली मंजिल से अचानक आरोपी ने हथकड़ी छुड़ा लिया और ऊपर से नीचे छलांग लगा दी जब तक पुलिसकर्मी सीढी से नीचे पहुंचते तब तक मौके का फायदा उठाकर आरोपी वहां से भाग निकला घटना के बाद पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है ।

### आर्किटेक्ट के घर में चोरी

**भिलाई, 9 अगस्त।** भिलाई स्मृतिनगर पुलिस चौकी क्षेत्र प्रोफेसर कॉलोनी नेहरूनगर में दिन-दहाड़े एक आर्किटेक्ट के घर में चोरी हो गई अज्ञात चोर घर में घुसा और बेडरूम में रखी आलमारी से 500-500 रुपए की दो गड्डी यानी 1 लाख और एक-एक रुपए की एक गड्डी ले भागा। इस प्रकार अज्ञात चोर ने 1.01 लाख रुपए की चोरी की। आर्किटेक्ट अजय पिता अमरेंद्र मित्रा (44 वर्ष ) ने स्मृतिनगर पुलिस से मामले की शिकायत की है उन्होंने कहा कि 6 अगस्त को वह शाम करीब 5 बजे कुछ काम से चौहान टाउन गया थाा जहां से रात 8 बजे लौटा आने पर देखा तो घर का गेट खुला हुआ था अंदर चोरी हो चुकी है पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी की मदद से आरोपी की तलाश कर रही है।

### एएसपी ने छात्रों को कानून की जानकारी दी



**भिलाई, 9 अगस्त।** भिलाई शंकरा स्कूल सेक्टर 10 में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद्मश्री तंवर द्वारा उपस्थित छात्राओं को महिला संबंधी कानून, छेड़छाड़, साइबर फ्रॉड, पोक्सो एक्ट एवं यातायात के नियमों के बारे में बताया गया सहायक उप निरीक्षक संगीता मिश्रा की रक्षा टीम ने बच्चों को गुड टच बेड टच और मोबाइल का उपयोग करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, इस बारे में जानकारी दी स्कूल से आते-जाते समय किन- किन बातों का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए, इस बारे में बताया। इस दौरान पुलिस कर्मियों में आपात स्थिति में बचाव को लेकर प्रशिक्षण भी दिया इस दौरान हेल्प लाइन नंबर और इमरजेंसी नंबर की जानकारी दी गईं हर समय अपने-माता पिता का नंबर याद रखने के भी टिप्स दिए गए आयोजित कार्यक्रम में पॉक्सो, तीन नए कानून, ट्रैफिक रूल्स के बारे में भी विस्तार से बताया गया ।

### जुलाई का राशन 15 अगस्त तक मिलेगा

**दुर्ग,9 अगस्त ।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत माह जुलाई 2024 में दुकानों में खाद्यान्न भंडारण समय पर नहीं होने के कारण कुछ हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण नहीं हो पाया है। इस संबंध में शासन को सूचना दी गई थी जिसके आधार पर शासन द्वारा खाद्यान्न वितरण की तिथि में वृद्धि करते हुए 15 अगस्त 2024 तक जुलाई 2024 के खाद्यान्न की वितरण की अनुमति प्रदान की गई है।

# कोड़िया में हरेली महोत्सव पर हुए विविध आयोजन, लोगों ने पारंपरिक खेलों में लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 9 अगस्त।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के किसानों का प्रमुख एवं प्रथम त्यौहार हरेली के उपलक्ष्य में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के आदर्श ग्राम कोड़िया में शौर्य युवा संगठन व गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में हरेली महोत्सव 10.0 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नितिन शर्मा, जितेंद्र सोनी, राकेश हिरवानी, राधेलाल साहू, चंद्रकुमार चंद्राकर, जेपी दीपक, फत्तेलाल वर्मा, छाया विधायक कामेश साहू, चिरंजीव निषाद, आदित्य भारद्वाज, दिनेश दीपक, उमेश साहू, मलेश निषाद, रामचरण भारद्वाज, खुमान भारद्वाज, लक्ष्मीनारायण साहू सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे। शौर्य संगठन के सचिव आदित्य भारद्वाज ने कार्यक्रम के सम्बंध में जानकारी



दी। इस आयोजन में फुगड़ी, फुग्गा फोड़, गेड़ी दौड़, बिस्कुट खाबो, रस्साकसी, सुरीली कुर्सी, नारियल फेंक, छत्तीसगढ़ी व्यंजन सजाओ प्रतियोगिता, मटकी फोड़ व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसके साथ ही सावन झूला और फ्री गुपचुप की व्यवस्था भी की गई थी। विधायक ललित चंद्राकर ने हल पूजा व सीटी बजाकर फुगड़ी खेल के माध्यम से कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। संचालन संगठन सचिव आदित्य भारद्वाज ने किया। सभी प्रतियोगिताओं के सभी वर्ग के प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया जिसमें क्रमशः फुगड़ी में चंद्रकला यादव व खेमलता विश्वकर्मा, रस्साकसी महिला वर्ग में जामबाई ग्रुप व आरती ग्रुप, फुग्गा फोड़ महिला वर्ग में जामबाई साहू व बिमला यादव, पुरुष वर्ग में राकेश निषाद व मंजित साहू, बालिका वर्ग में अंजू साहू व ईशिता निषाद, गेड़ी दौड़ महिला वर्ग में रीना साहू व जामबाई साहू, पुरुष वर्ग में परमानंद एवं लखन, सुरीली कुर्सी महिला वर्ग में कमलेश्वरी निषाद व दिव्या साहू, पुरुष वर्ग में रवि साहू व परमानंद साहू, बालिका वर्ग में सीमा निषाद व ईशिता निषाद, बालक वर्ग में मिलेश्वर निषाद व हर्ष साहू, नारियल फेंक महिला वर्ग में हिरौंदी साहू व रीना साहू, पुरुष वर्ग में आशीष निषाद व खिलेंद्र निषाद, छग व्यंजन सजाओ प्रतियोगिता में सुमन साहू शामिल थी। खेल प्रतियोगिता के प्रायोजक के रूप में साहू श्रृंगार एवं जनरल स्टोर्स, श्री अष्टविजय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मूर्तिकला केंद्र, चुन्नीलाल चंद्राकर, युगल सर केमिस्ट्री एवं स्पोकन इंग्लिश क्लास, श्रीराम किराना स्टोर्स, शिवाय क्लिनिक, दीपक किराना एवं ऑनलाइन सर्विस, पूर्व सरपंच राधेलाल साहू, ओम टेंट हाउस एवं इवेंट, नेहा इंटरप्राइजेज, चंद्राकर कृषि फॉर्म एवं हार्वेस्टर, विजय साहू, बेनीराम साहू, बबली सियाराम साहू, सिया एवं गौरव साहू, श्रीराम फर्नीचर, इंटीरियर, गायत्री चना मुर्रा भंडार, डॉ सरोज साहू, एम श्रीनिवास ने सहयोग दिया। एनवाईके दुर्ग जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा एवं वित्तीय सलाहकार जितेंद्र सोनी के प्रयोजन में सभी प्रतिभागियों, विजेताओं एवं अतिथियों को फ्री गुपचुप की सुविधा प्रदान की गई थी। कार्यक्रम में यादवेंद्र साहू, रवि साहू, पंकज, चिरंजीव, छगन, दीपक, ईशु, तोपेन्द्र, आनंद, लक्ष्मी, ममता, आरती, अंजू, जामनी, जामिन, राजस्क्रीन बोरसी, श्रीराम टेंट हाउस कोड़िया, पप्पू गुपचुप बोरसी व शौर्य युवा संगठन के सदस्यों ने सराहनीय योगदान दिया।

## आयुक्त के निर्देश पर नाली पर कब्जा करने वालों पर बड़ी कार्रवाई



**भिलाई, 9 अगस्त।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत अवंती बाई चैंक से जुनवानी सूर्या मॉल चैंक तक नाली के ऊपर अतिक्रमण करने वालों पर कार्यवाही की गई। नगर निगम भिलाई द्वारा व्यापारियो को नोटिस दिया गया था। दो दिन पूर्व मुनादी भी कराई जा रही थी, उसके बाद भी नाली के ऊपर से अवैध अतिक्रमण व्यापारियों द्वारा नहीं हटाया गया। कुछ व्यापारियो द्वारा स्वयं से अतिक्रमण हटा लिया गया था, जो व्यापारी नाली के ऊपर से अतिक्रमण को नहीं हटाये थे। उन पर निगम का तोड़फोड़ दस्ता की टीम मौके पर जेसीबी के माध्यम से अतिक्रमण को हटाया। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव को सूचना मिली थी कि व्यापारियो द्वारा नाली के उपर अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसे देखते हुए अधिकारियो को निर्देश दिये कि व्यापारियो द्वारा नाली के ऊपर अतिक्रमण कर रखा है, जिसे हटाने की कार्यवाही की जानी है। गरूवार को जोन आयुक्त येशा लहरे तोड़फोड़ दस्ता लेकर मौके पर पहुंच गयीं। नाली के ऊपर अतिक्रमण कर रखे व्यापारियो पर एकरूपता के साथ कार्यवाही की गई। नाली के ऊपर अवैध अतिक्रमण के कारण नाली ठीक से साफ नहीं हो पा रही है, जिससे पानी का निकासी नहीं हो पा रहा है। एक ही स्थान पर पानी के भराव हो जाने से मच्छर पनप रहे है, जिससे बिमारियो को खतरा बढ़ रहा है। नाली जाम होने से बरसात के समय सुचारू रूप से जल निकासी अवरूद्ध हो जा रहा है। जिसके कारण कुछ क्षेत्रो में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो जा रही है। सूर्या मॉल चौक पर अतिक्रमण हटाते समय गाड़ी ड्राईवर कृष्णा ने बताया नाली के उपर अतिक्रमण करके व्यापार करने से रास्ता जाम हो जा रहा है। यहॉ से गाड़ी निकालना मुस्किल हो जा रहा है, दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। नगर निगम भिलाई का प्रयास अच्छा है, अतिक्रमण पर कार्यवाही होते रहना चाहिए। जुनवानी चैंक पर स्थित पेट्रोल पम्प द्वारा अतिरिक्त कब्जा करके विज्ञापन बोर्ड, लाईट एवं मिनी गार्डन निर्मित किया गया था। पूर्व में दो नोटिस देने के बाद भी खाली नही किया गया था, उसे भी हटाया गया। कार्यवाही के दौरान जोन सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, धीरज साहू, बालकृष्ण नायडू, अनिल मेश्राम, अभियंता अरविंद शर्मा, शहबाज खान, वसीम खान, जोन स्वास्थ्य निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, राजेश गुप्ता, कन्हैया यादव, मंगल, विष्णु एवं निगम का तोड़फोड़ दस्ता की टीम उपस्थित रहे।

## गनियारी, मोरिद सहित सोमनी वार्ड के नागरिकों ने उठाया शिविर का लाभ



**भिलाई-03।** भिलाई-चरौदा निगम द्वारा दसवें जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन बृहस्पतिवार को वार्ड क्र.- 39 मोरिद के कर्मा भवन में किया गया, जिसमें वार्ड क्र.-38 सोमनी, वार्ड क्र.-39 मोरिद तथा वार्ड क्र.- 40 गनियारी के रहने वाले नागरिकों द्वारा अपनी मांग और शिकायत संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये गये। मोरिद के शिविर में पहुंचे निगम महापौर निर्मल कोसरे ने काऊंटरों में जाकर वहाँ उपस्थित विभागीय कर्मचारियों से शिविर में प्राप्त हो रहे आवेदनों के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए हर प्रकरण पर शीघ्र निराकरण करने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये गये। स्वास्थ्य परीक्षण काउंटर पर कोसरे एवं निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत का रक्तचाप एवं शुगर परीक्षण रूलर हेल्थ केयर ऑफिससर श्रीमती मनोरमा बंछोर एवं बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती पूजा गायकवाड़ द्वारा किया गया। कार्यपालन अभियंता सुनिल जैन, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता डी.के.पाण्डेय, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उप अभियंता मुकेश चन्द्राकर, उपअभियंता किसलय साहू, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्वनी चन्द्राकर, सहायक लेखाधिकारी लिंगेश्वर राव, सहायक राजस्व अधिकारी श्रीमती अरूणिमा दुबे, ये सभी अधिकारी शिविर में उपस्थित रहे।

## सेवा सहकारी समिति बोरीगारका में किया गया पौधरोपण



**उतई, 8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेवा सहकारी समिति मर्या. बोरीगारका में पर्यावरण संरक्षण के लिए मौलश्री के 13 पौधे रोपित किए गए इस दौरान लोगों को पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनने लोगों को प्रेरित किया गया इस पौधरोपण कार्यक्रम समिति अंतर्गत जनपद सदस्य राकेश हिरवानी, सरपंच ग्राम बोरीगारका गुंजेश्वरी गजपाल, सरपंच करगाडीह घनश्याम गजपाल,सरपंच पाउवारा वामन साहू , सरपंच पुरई उमा रिगरी उप सरपंच ग्राम पुरई शीतला ठाकुर, पर्यावरण कार्यकर्ता व संयोजक हितवा संगवारी रोमशंकर यादव, समाज सेवी वेदनारायण साहू, वरीष्ठ कृषक राजेश साहू, मोहन साहू, चम्पेश्व गजपाल, संस्था के सहा. समिति प्रबंधक संतोष यादव, जागेश्वर साहू, इंदरमन साहू सुशील साहू, तुलेश साहू, दवेन्द् साहू, राज साहू, सुमन ओझा , रेखा,व कृषक गण उपस्थित रहे ।

## सेल ने जारी किए वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम

**भिलाई, 9 अगस्त ।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड (सेल) ने 30 जून, 2024 को समाप्त हुई पहली तिमाही के अपने वित्तीय परिणाम जारी किए हैं। जिसके मुख्य बिन्दु ः वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (स्टैंडआलोन) के परिणाम पर एक नज़र ः कच्चा इस्पात उत्पादन, पहली तिमाही 2023-24 में 4.67 मिलियन टन, चौथी तिमाही 2023-24 में 5.02 मिलियन टन, पहली तिमाही 2024-25 में 4.68 मिलियन टन। विक्रय मात्रा ः पहली तिमाही 2023-24 में 3.88 मिलियन टन, चौथी तिमाही 2023-24 में 4.56 मिलियन टन, पहली तिमाही 2024-25 में 4.01 मिलियन टन। प्रचालन से कारोबार ः पहली तिमाही 2023-24 में 24,358 करोड़ रूपया, चौथी तिमाही 2023-24 में 27,958 करोड़ रूपया, पहली तिमाही 2024-25 में 23,998 करोड़ रूपया। ब्याज, कर, मूल्यहास और ऋण चुकाने से पहले की कमाई (ईबीआइटीडीए) ः पहली तिमाही 2023-24 में 2,090 करोड़ रूपया, चौथी तिमाही 2023-24 में 3,829 करोड़ रूपया, पहली तिमाही 2024-25 में 2,420 करोड़ रूपया। अप्रत्याशित मदों और कर से पहले का लाभ ः पहली तिमाही 2023-24 में 202 करोड़ रूपया, चौथी तिमाही 2023-24 में 1,831 करोड़ रूपया, पहली तिमाही 2024-25 में 326 करोड़ रूपया। अप्रत्याशित मदें ः चौथी तिमाही 2023-24 में (502) करोड़ रूपया, पहली तिमाही 2024-25 में (312) करोड़ रूपया। कर-पूर्व लाभ (पीबीटी) ः पहली तिमाही 2023-24 में 202 करोड़ रूपया, चौथी तिमाही 2023-24 में 1,329 करोड़ रूपया, पहली तिमाही 2024-25 में 14 करोड़ रूपया। कर-पश्चात लाभ (पीएटी) ः पहली तिमाही 2023-24 में 150 करोड़ रूपया, चौथी तिमाही 2023-24 में 1,011 करोड़ रूपया, पहली तिमाही 2024-25 में 11 करोड़ रूपया। इस प्रकार वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के दौरान, कंपनी के ईबीआइटीडीए में पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के मुक़ाबले 15 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई, जो कंपनी के कोर प्रदर्शन के नियमित गति से जारी रहने का संकेत है। स्थिर प्रदर्शन में नियमति वृद्धि का संकेत है। हालांकि, सस्ते आयात के चलते घरेलू इस्पात बाजार में शुद्ध विक्रय आय (एनएसआर) में गिरावट देखने को मिली, जिससे परिचालन से होने वाला कारोबार प्रभावित हुआ। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही का मुनाफ़ा शुद्ध विक्रय आय में गिरावट और अप्रत्याशित मदों से संबंधित समायोजन के चलते प्रभावित हुआ। सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने पहली तिमाही के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा, पारंपरिक और उभरते दोनों क्षेत्रों द्वारा संचालित घरेलू इस्पात की खपत में लगातार वृद्धि जारी है। इसके अलावा, हाल ही में घोषित केंद्रीय बजट के अनुसार बुनियादी ढांचा क्षेत्र में चल रहे सरकारी निवेश से विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। घरेलू इस्पात क्षेत्र के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ, सेल अपने उत्पादन की मात्रा बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। आने वाले समय में, सस्ते आयात से पैदा होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए समुचित उपाय किए जाने की उम्मीद है।

### बांग्लादेश में तख्तापलट की घटना दुर्भाग्यजनक : शिवसेना

**भिलाई, 9 अगस्त।** शिवसेना के प्रदेश उप प्रमुख शिवराम केशरवानी ने बांग्लादेश में तख्तापलट की घटना को दुर्भाग्यजनक बताते हुए कहा है कि इस घटना में हिंसक प्रदर्शनकारी छात्र आंदोलन का नाम देकर कट्टरपंथी उसका संचालन कर रहे हैं। कट्टरपंथी उग्र आंदोलन कर सत्तासीन हो गए हैं जो बांग्लादेश निर्माण के समय से घोर हिन्दू विरोधी रहे वही हिन्दू विरोधी आज भारत के खिलाफ अनर्गल भड़काऊ बयानबाजी कर रहे हैं। शिवराम केशरवानी ने कहा कि अगर बांग्लादेश में भारतीय प्रवासी कमाने-खाने गया है ।

उसे सुरक्षित भारत वापस लाने का प्रयास करें। वही भारत के सीम कि चौकसी बढ़ाई जाए। भारत के सीमावर्ती देश भारत में बसने-रहने, व्यापार करने के लिए घुसपैठ करने की भरसक कोशिश करते हैं भारत उनके लिए सुरक्षित देश है। भारत में घुसपैठिये एवं शरणार्थी को शरण दी गयी तो भारत का सामाजिक सौहार्द बिगड़ेगा, आर्थिक स्थिति ख़राब होगी। शिवसेना ने प्रधानमंत्री, गृहमंत्री से अनुरोध किया है कि हिन्दुओं के साथ हिंसक घटनाएं हो रही हैं। महिलाओं को चुन-चुन कर मारा जा रहा है। उनके संपत्ति पर कब्ज़ा कर उन्हें बांग्लादेश से भगाया जा रहा है। इसलिए कट्टरपंथी उग्र आंदोलन पर करवाई कर हिंदुओं को सुरक्षित किया जाय।

## बस एवं कार ऑपरेटर्स कन्फेडरेशन ने किया युवा ट्रांसपोर्टर इन्द्रजीत सिंह का सम्मान



**भिलाई, 9 अगस्त।** छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ रायपुर के तत्वधान में बस एवं कार ऑपरेटर्स कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा छत्तीसगढ़ में प्रथम बार आयोजित रायपुर कर्टेन राइज़र-प्रवास 4.0 कार्यक्रम में भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन द्वारा किये जा रहे अच्छे कार्यो के लिए एसोसिएशन को सम्मानित किया गया। भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में पूरे एसोसिएशन की ओर से भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं युवा ट्रांसपोर्टर इन्द्रजीत सिंह (छोटू) को सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ। जहाँ उनका अभिनन्दन एवं हार्दिक सम्मान किया गया। इस सम्मान के लिए इन्द्रजीत सिंह (छोटू) ने छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ, रायपुर एवं बस एवं कार ऑपरेटर्स कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया का धन्यवाद ज्ञापित किया है। इन्द्रजीत सिंह (छोटू) ने इस अवसर पर कहा कि भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन लगातार सामाजिक कार्यक्रमों में अपनी सहभागित निभा रहा है। इस कार्यक्रम में बस एवं कार ऑपरेटर्स कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष प्रसन्न पटवर्धन, छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ रायपुर छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष सै. अनवर अली सहित अन्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## आईजी ने वित्तीय प्रबंधन की समीक्षा की



**भिलाई, 9 अगस्त।** भिलाई दुर्ग रेंज आईजी राम गोपाल गर्ग ने जिला दुर्ग, बालोद, और बेमेतरा के विभिन्न मदों के तहत उपलब्ध कराए गए बजट के वित्तीय प्रबंधन की समीक्षा के लिए गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक ली। इस बैठक में बजट के सही उपयोग और इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया बैठक के दौरान दुर्ग रेंज आईजी राम गोपाल गर्ग ने बताया कि कर्मचारियों के मेडिकल और यात्रा भत्ते के बिल अनावश्यक रूप से लंबित न रहे और समय पर उनका भुगतान सुनिश्चित किया जाए उन्होंने यह भी कहा कि लंबित बिलों के शीघ्र निपटारे के लिए विशेष ध्यान दिया जाए ताकि कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े इसके अतिरिक्त बैठक में विभिन्न मदों के अंतर्गत किए गए खर्च और उनके दस्तावेजीकरण पर भी चर्चा की गई। श्री गर्ग ने यह भी निर्देश दिए कि भविष्य में सभी वित्तीय कार्यवाही समय सीमा एवं कुशलता के साथ किए जाएं।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अपने-अपने जिलों में वित्तीय प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी और अपने विचार साझा किए पुलिस महानिरीक्षक महोदय ने सभी अधिकारियों से सुझाव भी मांगे और उन्हें सुधारात्मक उपायों को लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## चार फुटपाथ व्यवसायियों को ऋण और एक वृद्ध को दिया पेंशन



**रिसाली, 9 अगस्त।** जनसमस्या निवारण शिविर के अंतिम दिन 141 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किया। स्थल पर ही 4 फुटकर व्यापारियों से ऋण संबंधी आवेदन लेकर बैंक भेजा। वहीं पेंशन के अभाव में भटक रहे वृद्धा को शिविर में पात्र पाए जाने पर औपचारिकता पूरी की गई। पांच घंटे के शिविर में कई ऐसे थे जिनका राशन कार्ड ही नहीं बना था। ऐसे हितग्राहियों से आवेदन लेकर खाद्य विभाग भेजा गया। आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर मृत्यु प्रमाण पत्र और गुमास्ता लाइसेंस के आवेदन को तत्काल निराकरण किया गया। महापौर शशि सिन्हा और मंचस्थ अतिथियों ने एक साथ पांच महिलाओं की गोदभराई की। इसमें गर्भवती अंजली बाघ, मनीषा, जामेश्वरी साहू, भुनेश्वरी निर्मलकर, जोतकुमारी ध्रुव शामिल थी। इसके अलावा प्रयाग मिश्रा, रियांश, जे रियाशी, विद्या निषाद व आशिका ध्रुव का अन्न प्राशन्न कराया गया।वहीं सार्वजनिक शौचालय के टैंक में पानी नहीं चढ़ने की शिकायत का निराकरण बिना देरी किया गया। शिविर के आरंभ होने के बाद महापौर शशि सिन्हा प्रत्येक स्टॉल तक पहुंची और आने वाले आवेदनों का अध्ययन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर एमआईसी सोनिया देवांगन, डॉ. सीमा साहू, पार्षद ओमप्रकाश मिर्झा, रंजीता बेनुआ, पार्वती, रेखा देवी, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, विधायक प्रतिनिधि के रूप में भाजपा मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, महामंत्री राजू जंघेल, दशरथ साहू आदि उपस्थित थे।

## खुर्सीपार जोन-2 विद्यालय में हुआ मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन



भिलाई, 9 अगस्त । छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा मंगलवार 6 अगस्त को समस्त शासकीय विद्यालयों में मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन कराया गया। जिसमे भारी तादाद में पालकगण उपस्थित हुए थे, जहां शिक्षा नीति 2020 की जानकारी पालकों को दी गई। विद्यार्थियों की समस्या के बारे में सुझाव दिए गए उक्त कार्यक्रम खुर्सीपार सेक्टर 11 जोन 02 विद्यालय में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य मणिकांत साहू, डॉ अरविंद तिवारी, जिला न्यायालय दुर्ग के अधिवक्ता सुभाष सतपथी, एसडीएम हरिवंश मीरी एवं तहसीलदार गुरुदत्त पंचबई ने अलग अलग विषयों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की सराहना उपस्थित जनसामान्य द्वारा करतल ध्वनि के साथ की गई।

## विश्व ब्रेस्टफीडिंग सप्ताह के तहत बीएसपी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**भिलाई, 9 अगस्त ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के पं. जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र तथा व्यवसायिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र द्वारा 1 से 7 अगस्त तक विश्व ब्रेस्टफीडिंग सप्ताह 2024 मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) में एक विशेष



'ब्रेस्टफीडिंग जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन 7 अगस्त को किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी डॉ. आर. राम एवं अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सम्बिता पंडा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ किशोर एवं सीनियर कंसल्टेंट डॉ. माला चौधरी द्वारा ब्रेस्टफीडिंग की बारीकियों को प्रस्तुतिकरण द्वारा विस्तार से समझाया गया तथा उपस्थित महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए ब्रेस्टफीडिंग के विषय पर प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गयी।

# मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया में होती हैं लोगों की उम्मीदें पूरी

- महिन्दर और सुश्री मंदाकिनी को मिला श्रवण यंत्र
- दोनों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का किया आभार व्यक्त



**रायपुर, 9 अगस्त।** जशपुर अंचल के लोगों की उम्मीदों का नया आशियाना बनते जा रहा है ग्राम बगिया का मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय। दूर-दूर से लोग यहां बहुत उम्मीद के साथ आम लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचते हैं। यहां पहुंचने वाले लोगों की समस्याओं को न केवल गंभीरतापूर्वक सुना जा रहा है, बल्कि उनका यथोचित सामाधान भी किया जा रहा है।

60 वर्षीय ग्राम दोकड़ा, विकासखंड कांसाबेल निवासी श्री महिन्दर कश्यप विगत कई वर्षों से कान से न सुनने की समस्या से पीड़ित थे। इस समस्या की वजह से उन्हें अपने दैनिक जीवन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में उनकी समस्या का तत्काल संज्ञान लेते हुए उन्हें श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। श्रवण यंत्र मिलने से अपनी खुशी जाहिर करते हुए श्री कश्यप बताते हैं कि उन्हें अब सुनने में कोई परेशानी नहीं होती है। अपने दैनिक जीवन के कार्याकलापों में भी उन्हें आसानी हो रही हैं। उन्होंने बताया सबसे बड़ी खुशी की बात यह है की उनका साढ़े 3 साल का पोता है। अब उनकी मीठी जुबान को भी वह आसानी से सुन सकता है और उनसे ढेर सारी बातें कर सकता हैं।

इसी तरह श्रवणबाधित की समस्या से परेशान ग्राम मृखोल पंचायत सुण्डरू पोस्ट जामबहार तहसील फरसाबार निवासी सुश्री मंदाकिनी यादव भी मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में श्रवण यंत्र मिलने से काफी खुश हैं। वे बताती हैं कि उनकी ना सुनने की समस्या के इलाज के लिए बहुत से अस्पतालों में गई। लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया। जिससे वह काफी निराश हो गई थी। उन्हें जब पता चला कि कैंप कार्यालय से उनकी समस्या का सामाधान हो सकता है तो उन्होंने आवेदन किया। कैंप कार्यालय में उनकी समस्या को संज्ञान लेते हुए श्रवण यंत्र दिया गया है। श्रवण यंत्र मिलने से वह काफी खुश है। वे बताती है कि अब उन्हें सुनने में कोई परेशानी नहीं होती है। इसके लिए सुश्री मंदाकिनी ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया है।

## एक नजर

### वृक्षों का संरक्षण, संवर्धन प्राथमिक आवश्यकता: हेमा देशमुख



**राजनांदगांव 8 अगस्त।** यंग मुस्लिम कमेटी द्वारा ईदगाह मैदान में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख के आतिथ्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व महापौर श्री सुदेश देशमुख, पार्षद श्री अमीन हुद्दा, श्री गप्पू सोनकर, पूर्व पार्षद श्री देवेन्द्र मोहन लाला, पूर्व नामाकित पार्षद श्री एजाजूल रहमान, जामा मस्जिद कमेटी के सदर (अध्यक्ष) श्री रईस अहमद सकील विशेष रूप से उपस्थित थे। वृक्षारोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये महापौर ने कहा कि वृक्षों का संरक्षण, संवर्धन आज की प्राथमिक आवश्यकता है, 4-5 वर्षो से नगर निगम द्वारा वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जा रहा है, जिनमें से अधिकांश वृक्ष के रूप भी ले लिये है, फ्लाई ओव्हर के किनारे लगाये पौधे बडे हो गये है, आयुर्वेद की दृष्टि से सभी पौधे उपयोगी है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ साथ उसका देख रेख अत्यंत आवश्यक है, तभी पौधा वृक्ष का रूप लेगा। आज ईदगाह मैदान में यंग मुस्लिम कमेटी द्वारा वृक्षारोण किया जा रहा है, मैं उनसे आग्रह करती हूँ कि इसका देख रेख भी करे, ताकि सभी पौधे वृक्ष का रूप लेकर ईदगाह मैदान को हरा भरा करे। श्री रईस अहमद सकील ने कहा कि यंग मुस्लिम कमेटी बहुत पुरानी संस्था है और शासन की वृक्षारोपण अभियान में सहभागी बन आज ईदगाह मैदान में वृक्षारोपण कर रही है। उन्होंने कहा कि जैसे कमेटी का नाम यंग कमेटी है, वैसे ही नाम के अनुरूप कार्य करे। वृक्षारोपण कार्य सराहनीय कार्य है, वृक्षों को संरक्षित कर इसे पेड का रूप दे।

### संकुल केन्द्र टप्पा में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन



**डोंगरगाँव 9 अगस्त।** शैक्षणिक सत्र 2024 25 में राज्य के समस्त शैक्षिक संस्थानों में लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार पालक शिक्षक मेगा बैठक का सफल आयोजन दिनांक 6 अगस्त को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला संकुल केंद्र टप्पा में संपन्न हुआ। बैठक में सर्वप्रथम मां सरस्वती के तेल चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात प्राथमिक शाला ढाबा की शिक्षिका श्रीमती गीता सोंनटेके द्वारा सरस्वती वंदना एवं पूर्व माध्यमिक शाला टप्पा के छात्रों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर आगंतुक अतिथियों व पालकों का स्वागत सत्कार किया। बैठक में निर्धारित 12 बिंदुओं पर गहन रूप से चर्चा परिचर्चा की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों एवं पालकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों को पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप ड्रॉप आउट रोकने के लिए पालको की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। माता-पिता अपने बच्चों की शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं उनकी शैक्षणिक प्रगति में शामिल रहना और चुनौतियों की शुरुआती पहचान और समाधान छात्र की सीखने की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है।

### धूमधाम से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**राजनांदगांव 9 अगस्त।** ग्राम धामनसरा में संयुक्त रूप हायर सेकंडरी मिडिल प्राथमिक विद्यालय के शाला विकास समिति सदस्यों बैठक स्वंतत्रता दिवस मनाने रखा गया था जिसमें प्रभातफेरी बैंड बाजा के साथ 7.30 बजे गली भ्रमण करेगे पंचायत भवन आंगनबाड़ी भवन बिहान भवन हायर सेकंडरी स्कूल मिडिल स्कूल प्रथामिक स्कुल में ध्वजारोहण किया जाएगा मुख्य कार्यक्रम स्कुल परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन तथा कक्षा पांचवीं आठवीं दसवीं बारहवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा एवं उत्कृष्ट खिलाड़ियों में जिला संभाग राज्य राष्ट्रीय खेल के विद्यार्थियों को को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा अन्य गतिविधियों कुशल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा प्राचार्य अजय मसीह प्रधान पाठक माधो उइके रोहित साहू शिक्षक संजीव शर्मा जीवन लाल बेलसरिया सरपंच लोकेश कुमार गंगवीर पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव खेमू पटेल रामचंद्र चंदाकर ढालू राम पटेल गोरे पटेल जीवराखन पटेल तिलक निषाद भागवत दास वैष्णव हिरदे यादव सिलीप पटेल दानेशवरी गंगवीर हेमलता वैष्णव सावित्री निषाद गंगा पटेल सहित समिति सदस्यगण बैठक शामिल रहा।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल की सफाई व्यवस्था चरमराई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ 9 अगस्त।** डोंगरगढ़ शहर के हृदय स्थल में स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है जिससे स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों के अभिभावकगण एवं स्थानीय मितानिन तहसील कार्यालय पहुंचे और सफाई अव्यवस्था को लेकर लिखित ज्ञापन दिया है । अभिवावको ने ज्ञापन के माध्यम से स्कूल में अव्यवस्थाओं के संबंध में प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करवाया है और जल्द से जल्द इस और सकारात्मक पहल करने की गुहार लगाई है। पूरा मामला डोंगरगढ़ शहर के स्थानीय आत्मानंद स्कूल से जुड़ा है जहां आज तड़के बड़ी संख्या में स्कूल मेंअध्यनरत बच्चों के अभिभावक स्थानीय एसडीएम कार्यालय पहुंचे और स्कूल में फैली तमाम अव्यवस्थाओं के कारण बच्चों की लगातार खराब होती सेहत को लेकर ज्ञापन सौंपा है. अभिवावकों की माने तो स्कूल के शौचालय में गंदगी पसरी रहता है और रोजाना सफाई नही होती है जिसके चलते बच्चों को बार-बार यूरिन इन्फेक्शन की शिकायत हो रही है. वही स्कूल में पीने के पानी की भी समस्या है जिससे बच्चे स्कूल में खाना नही खाते जिसको लेकर कई बार अभिभावकों द्वारा पेरेंट्स मीटिंग में शिकायत भी की गई परंतु स्थिति जस की तस बनी हुई है इसके बाद अब अभिभावकों ने एसडीएम कार्यालय का रुख किया है और इसकी शिकायत डोंगरगढ़ एसडीएम को की है. वही जब पूरे मामले को लेकर स्कूल के प्राचार्य और विकासखंड शिक्षा अधिकारी से बात करनी चाहिए तो उन्होंने पूरे मामले पर कुछ भी कहने से मना कर अपना पल्ला झाड़ दिया। इस विषय पर एसडीएम मनोज मरकाम ने बताया कि उन्हें इस संबंध ज्ञापन मिला है जिसके बाद नगर पालिका सीएमओ को आदेशित किया गया है की स्कूल में साफ सफाई कराई जाए और अभी जानकारी मिल रही है की सफाई हो गई है. ज्ञापन देने वालों में स्कूली बच्चों के अभिभावकगण समेत अनिता धुर्वे ब्लाक समन्वयक, भारती सिन्हा मितानिन प्रशिक्षक वार्ड नंबर 24, मितानिन संगीता राजपूत, बबीता निषाद, शारदा, नीलम, अनीता रम्हला, सुनंदा, कविता उपस्थित रहें।

# राष्ट्रीय जनसभा पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी गठित व संगठन विस्तार, विजय लहरे बने प्रदेश अध्यक्ष




**रायपुर 9 अगस्त।** राष्ट्रीय जनसभा पार्टी का प्रदेश कार्यकारिणी गठन को लेकर 7 अगस्त 2024 को प्रदेश कार्यालय लाभांडी रायपुर में रखा गया जिसमे बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष लखमूराम टंडन जी की रहा विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र वैद्य(सिन्हा),राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आत्मदास माहेश्वरी, पूर्व प्रदेश महासचिव रीझेन्द्र डहरिया जी रहे । जिसमे प्रदेश कार्यकारिणी नए रूप से गठन किया गया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष विजय लहरे निर्वाचित किये गए प्रदेश उपाध्यक्ष भोजराज मंडावी, ईश्वरी यादव,लाखन सिंह प्रदेश महासचिव अधिवक्ता कमल बांधे प्रदेश सचिव कुलेश्वर सिंह कुर्रे प्रदेश कोषाध्यक्ष सुखदेव टंडन प्रदेश प्रवक्ता मकसूद अली प्रदेश मीडिया प्रभारी शत्रुहन बारले प्रदेश उप मीडिया प्रभारी लखराज टंडन बनाये गए ।

इसके साथ ही प्रदेश सचिव लीलाधर कोरेटी, भीखम गर्ग,राजेन्द्र पात्रे, विजय कुर्रे,रोहित कोशले,रोहित पाटिल,धनेश कोशले, जन्मजेय महिलांगे, लोक प्रकाश ओगरे,अभय कुमार डुग्गा, रामूराम उसेंडी,भागवत सिंह यादव,अशोक अनंत,रमाकांत पोयम,भागवत सिंह टेकाम मधुकर बंजारे,विक्की चेलकएवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के सुकमन पोयम को चुना गया ।तत्पश्चात महत्वपूर्ण विषयो पर चर्चा किया गया जिसमे नगरीय निकाय चुनाव,पंचायत चुनाव एवं देश व प्रदेश के वर्तमान के स्तिथि आदि । नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों को राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित बैठक में उपस्थित समस्त कार्यकर्तागण ने बधाई दी।

### सेन समाज ने फौजी भाइयों को भेजा रक्षासूत्र

**रायपुर 9 अगस्त।** सेन समाज के सदस्यों ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर सीमा पर तैनात एवं फौजी भाइयों तथा सैनिकों के लिए रक्षा सूत्र भेज कर उनकी मंगल कामना की शुभकामनाएं की एवं उनकी दीर्घायु होने की शुभकामनाएं की/ उक्त पुनीत कार्य में जिला के अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर के नेतृत्व में श्री नारायण प्रसाद सेन ,श्री सुशील श्रीवास ,श्री भूषण सेन ,श्री छह्लू राम ठाकुर ,पुनीत राम सेन ,उमेश रोशन , कमलेश,विजेंद्र सेन ,लेट्स डोनेट फाउंडेशन से शुभम चौधरी,नेहा तिवारी, आकांक्षा शुक्ला,रुपल जैन, श्यामा सेन,लता श्रीवास, शांता श्रीवास,नंदनी,रानु ठाकुर,रमेश दाउलाल श्रीवास, अनिल ठाकुर, अनिल सेन,महक,उमा,राजु श्रीवास, नोहर सेन, आदि सभी ने रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए रक्षा सूत्र भेजें गये। उक्त जानकारी रायपुर जिला अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर ने दी।



# शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर श्रध्दांजलि अर्पित की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 9 अगस्त।** 8 अगस्त 2024 गुरुवार को डोंगरगढ़ विधानसभा के ग्राम पंचायत नवागांव के ग्राम टेमरी में शोकाकुल परिवार से भेंट मुलाकात कर स्व.श्री रामाधार यादव जी के शोक कार्यक्रम में उपस्थित होकर उनके आत्मा की शांती के लिए मौन धारण कर परिजनों का मनोबल बढ़ाते हुए आश्वासन दिया कि आपको कुछ बात हो या कुछ सहयोग मैं अपने तरफ से उसको पूरा करूँगी। और सामाजिक स्तर पर ग्रामीणों के मांग जो कि मंच निर्माण का है उसे उनके नाम पर पूर्ण कराने की बात रखी जिसे हर्षिता स्वामी बघेल ने उस मांग को प्रमुखता से रखते हुए जल्द से जल्द कराने का आश्वासन दिया। इस शोक कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती लीला प्रकाश मंडावी जी जनपद अध्यक्ष, कृष्ण वर्मा सरपंच,श्रीमती प्रतिमा कमलेश वर्मा सरपंच,फुदुक वर्मा,भीखम सिन्हा,कुम्भलाल सिन्हा,महेंद्र वर्मा,हरेश्वर मंडावी,जितेंद्र कुंजाम,महेश कुंजाम,सुरेंद्र वर्मा,पुनुराम यादव,रिखी यादव, गेंदु यादव, गेंदराम यादव,बीरबल यादव,नरेश यादव,तेहंगू यादव,नंदू यादव,इंधर यादव, बिस्नाथ यादव,देहार यादव,महेश यादव,कुम्भकरण यादव,समस्त यादव समाज एवं कांग्रेस कार्यकर्ता गण एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। वहीँ दूसरी ओर डोंगरगढ़ विधानसभा के ग्राम पंचायत कलेवा में शोकाकुल परिवार से भेंट मुलाकात कर स्व.कुम्भलाल वर्मा जी जो कि कांग्रेस के जाबाज कार्यकर्ता थे उनके शोक कार्यक्रम में उपस्थित होकर उनके आत्मा की शांती के लिए मौन धारण कर परिजनों का मनोबल बढ़ाते हुए आश्वासन दिया कि आपको कुछ बात हो या कुछ सहयोग मैं अपने तरफ से उसको पूरा करूँगी। इस शोक कार्यक्रम में दुर्गेश द्विवेदी जनपद सदस्य श्रीमती दामनी वर्मा, सरपंच श्रीमति संध्या यादव,कीर्तन नागपुरे, आशीष वर्मा, सरपंच कुहक वर्मा, कैलाश शर्मा, नारायण वर्मा, अनिल वर्मा, राममूरत वर्मा, शिव साहू, दूजे वर्मा, दानी वर्मा, प्रहलाद यादव, विजय वर्मा, गंगाराम यादव, चंद्रेश वर्मा,एवं कांग्रेस कार्यकर्तागण एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

## समाचार संक्षेप

### कृषि उपज मंडी जन समस्या निवारण शिविर में मिले 315 आवेदन



**डोंगरगढ़ 9 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेशानुसार 27 जुलाई 2024 से 10 अगस्त 2024 के मध्य जनसमस्या निवारण पखवाड़ा÷ का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 08 अगस्त 2024 को वार्ड क. 20 एवं 21 के वार्डवासियों के लिए कृषि उपज मंडी डोंगरगढ़ में शिविर लगाया गया था। जिसमें कुल आवेदन-315, कुल मांग-313, कुल शिकायत-02, एवं अन्य-00, नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृध्दावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, नामांतरण स्वरोजगार, नल लीकेज, नलों में पानी न आना, नालियों / गलियों की सफाई, कचरे की सफाई, टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गढ़्ढे पाटना, स्ट्रीट लाईट बंद रहना आदि समस्याएँ के लिए आवेदन प्राप्त हुऐ। जिसमें नगर पालिका के अधिकारी/कर्मचारी उक्त शिविर में उपस्थित रहें।जिसमें शहर के गणमान्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें सुदेश कुमार मेश्राम अध्यक्ष नगरपालिका परिषद उमा महेश वर्मा, उपाध्यक्ष, अमीत जैन, मंडल अध्यक्ष शहर भारतीय जनता पार्टी डोंगरगढ़ एवं श्रीमती सविता दरगढ़, शहर अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा, कमलेश धमगाये पार्षद, श्रीमती काजल डोंगरे पार्षद, राकेश अग्रवाल पार्षद,डी. एकेश राव पार्षद, एवं चन्द्रकांत शर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित नपा कर्मचारिगण उपस्थित रहे। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा÷ का आयोजन निकाय क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में लगाया जायेगा।

### जनसमस्या निवारण शिविर में वार्डवासियों ने मांगों के दिये अनेक आवेदन



**राजनांदगांव 9 अगस्त।** वार्डवासियों की समस्या संबंधी आवेदन वार्ड में ही जमा होने तथा आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड शिविर में ही बनने पर वार्डवासी उत्साह से बड़ी तादात में जन समस्या निवारण शिविर में पहुँच रहे है। आज गुरूघासीदास भवन नंदई में वार्ड नं. 39,40,41 व 48 के लिये आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोग प्रधानमंत्री आवास, पट्टा, राशन कार्ड सहित पानी, बिजली, रोड, नाली संबंधी समस्या के निराकरण तथा श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड के लिये आवेदन दिये। शिविर का निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता लगातार मानिटरिंग कर शिविर के सफल संचालन के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित कर रहे है, वही संबंधित वार्ड के पार्षद श्री विजय राय, श्रीमती भानू साहू, पूर्व पार्षद श्री बलवंत साव, पार्षद प्रतिनिधि श्री अरूण साहू उपस्थित हुये और वार्डवासियों को अपनी समस्या के निराकरण के लिये आवेदन देने प्रेरित किये। आज के शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के तहत 112 वार्डवासियों ने मौसमी बीमारी मलेरिया वायरल, सर्दी, खासी तथा ब्लडप्रेशर, शुगर की जॉच करा दवा लिये। इसके अलावा किश्चियन फेलोशिप हास्पिटल द्वारा 46 लोगो का नेत्र परीक्षण भी किया गया। आज गुरूघासीदास भवन नंदई में वार्ड नं. 39,40,41 व 48 के लिये आयोजित शिविर में वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर नल में पानी नहीं आने, राशन कार्ड मे नाम जोडने,मृत्यु प्रमाण पत्र, वृद्धा पेंशन,स्व रोजगार हेतु ऋण, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वयं के भूमि पर आवास निर्माण करने, पट्टा वितरण, वार्ड में लाईट लगाने तथा सीमेंट रोड व नाली निर्माण संबंधी 337 आवेदन दिये। इसके अलावा श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड व आयुष्मान कार्ड के भी 82 प्रकरणो का शिविर में ही निराकरण किया गया।

### निगम आयुक्त ने कचरा निपटान प्रक्रिया में तेजी के दिये निर्देश

**राजनांदगांव 8 अगस्त।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता कचरा निपटान का जायजा लेने आज सुबह नवागांव टेंचिंग ग्राउण्ड पहुँचे और सभी मशीने दुरूस्त रख शीघ्रता से कचरा निपटान करने तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित करने के अलावा बरसात में खाद विक्रय के लिये बगवानी वाले तथा कृषकों से सम्पर्क कर अधिक से अधिक खाद विक्रय करने के निर्देश दिये। टेंचिंग ग्राउण्ड में कचरा निपटान करने की विभिन्न प्रक्रियाओं का आज आयुक्त श्री गुप्ता ने जायजा लेकर सभी मशीने दुरूस्त कर, एसएलआरएम सेन्टरों के अलावा घर से ही कचरा पृथक कराकर ले तथा टेचिंग ग्राउण्ड मे लाकर कचरा निपटान प्रक्रिया में तेजी लाने कहा। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके से कहा कि ठेकेदार को भी कचरा निपटान जल्द करने अधिक से अधिक संसाधन का उपयोग कर कार्य करने निर्देशित करे। उन्होंने टेचिंग ग्राउण्ड के एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर रजिस्टर की जॉच किये और प्रतिदिन आने वाले गीला कचरा सुखा कचरा की मात्रा की जानकारी लेकर एसएलआरएम सेन्टरों में ही कचरा पृथककरण कर निपटान करने के निर्देश दिये और कहा कि सडको, नालियों, मुक्कडों से निकलने वाले कचरा ही टेचिंग ग्राउण्ड में लावे।



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के कलमना डिवीजन में

# मेगा ब्लॉक के चलते 72 ट्रेनों का परिचालन रद्द

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 9 अगस्त।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के कलमना डिवीजन में मेगा ब्लॉक के चलते निर्धारित दिनों में ट्रेनों का परिचालन रद्द की सूचना प्राप्त हुई है। जिनमें रद्द होने वाली गाडियां इस प्रकार है। 01.दिनांक 07 से 19 अगस्त, 2024 तक डोंगरगढ़ से छूटने वाली08711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू स्पेशल रद्द रहेगी । 02.दिनांक 07 से 19 अगस्त, 2024 तक गोंदिया से छूटने वाली08712 गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू स्पेशल रद्द रहेगी । 03.दिनांक 07 से 19 अगस्त, 2024 तक गोंदिया से छूटने वाली08713 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी । 04.दिनांक 07 से 19 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली08716 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-गोंदिया मेमू स्पेशल रद्द रहेगी । 05.दिनांक 07 से 20 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली08756 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रामटेक मेमू स्पेशल रद्द रहेगी ।06.दिनांक 07 से 20 अगस्त, 2024 तक रामटेक से छूटने वाली08751 रामटेक-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी । 07.दिनांक 07 से 20 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली08754 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रामटेक मेमू स्पेशल रद्द रहेगी । 08.दिनांक 07 से 20 अगस्त, 2024 तक रामटेक से छूटने वाली08755 रामटेक-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी । 09.दिनांक 07 से 19 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली08281नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-तिरोडी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । 10.दिनांक 07 से 19 अगस्त, 2024 तक तिरोडी से छूटने वाली08284तिरोडी-तुमसर पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । 11.दिनांक 08से 20 अगस्त, 2024 तक तिरोडी से छूटने वाली08282 तिरोडी- नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । 12.दिनांक 08से 20 अगस्त, 2024 तक तुमसर से छूटने वाली08283तुमसर-तिरोडी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । 13.दिनांक 07 से 19 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली08714नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-बालाघाट मेमू स्पेशल रद्द रहेगी । 14.दिनांक 07 से 19 अगस्त, 2024 तक बालाघाट से छूटने वाली08715 बालाघाट-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी । 15.दिनांक 06से 18 अगस्त, 2024 तक रायपुर से छूटने वाली08267 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । 16.दिनांक 07 से 19 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली08268नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रायपुर पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । 17.दिनांक 07 से 19 अगस्त, 2024 तक कोरबा से छूटने वाली 18239 कोरबा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 18.दिनांक 08से 20 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली12856नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-बिलासपुरएक्सप्रेस रद्द रहेगी । 19.दिनांक 07से 19 अगस्त, 2024 तक बिलासपुर से छूटने वाली12855 बिलासपुर- नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारीएक्सप्रेस रद्द रहेगी 20.दिनांक 07से 19 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली18240नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-बिलासपुरएक्सप्रेस रद्द रहेगी । 21.दिनांक 06से 18 अगस्त, 2024 तक टाटा से छूटने वाली18109 टाटा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारीएक्सप्रेस रद्द रहेगी ।22.दिनांक 08से 20 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली18110नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी -टाटा एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 23.दिनांक 14से 19 अगस्त, 2024 तक नागपुर से छूटने वाली11201 नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

संपादकीय

# नियम है तो सौ ग्राम भी बहुत भारी है

जहां भी नियम है,जैसा भी नियम है, वह सबने मिलकर बनाया है, सबके लिए बनाया गया है, सबने सहमति दी है।सबने उसे ठीक माना है।सबने पालन करने की बात कही है तो उस नियम को इसलिए तो गलत नहीं माना जा सकता कि किसी ने उसका पालन नहीं किया और उसे व्यक्तिगत नुकसान के साथ देश को भी नुकसान हुआ है। ओलिंपक में ऐसा ही हुआ है। देश की जानी-मानी महिला पहलवान विनेश फोगाट को तय वजन से सौ ग्राम वजन ज्यादा होने से अयोग्य घोषित कर दिया है। यह फैसला बनाए गए नियम के अनुसार किया गया है, इसलिए इसे गलत तो नहीं कहा जा सकता। इससे विनेश फोगाट ने जीवन भर जो सपना देखा था ओलिंपिक में पदक जीतने का, वह अधूरा रह गया। इससे करोड़ो भारतीयों को भी बुरा लगा है कि हमारी वह महिला पहलवान जो सिल्वर नहीं तो गोल्ड मेडल जीतती, वह पदक से ही वंचित रह गई है। इसमें कोई शक नहीं है कि विनेश ने पेरिस ओलिंपिक में पदक जीतने लायक प्रदर्शन किया था, विश्व के चैंपियन महिला पहलवानों के हराया और फाइनल तक पहुंची थी। फाइनल के ठीक पहले किए गए वजन मे उसका वजन मात्र सौ ग्राम ज्यादा पाया गया और उसे फाइनल खेलने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया। इससे विनेश फोगाट को जितना दुख हुआ है, जितना बड़ा झटका लगा है, उससे ज्यादा दुख व बड़ा झटका देश के लोगों को भी लगा है। पीएम मोदी,अमित शाह,जेपी नड्डा, एम.खरगे,राहुल गांधी,सभी बड़े खिलाडियों ने विनेश फोगाट के प्रदर्शन की सराहना की है। कहा है कि तुमने पदक नही जीता तो क्या हुआ. तुमने भारत का दिल जीता है। देश में हर मामले मे राजनीति होती है तो विनेश फोगाट को अयोग्य घोषित कर देने के मामले में हुई।खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने संसद में कहा कि विनेश फोगाट को अयोग्य ठहराने के बाद भारत की तरफ से जो कुछ किया जा सकता है, किया गया है.उन्होंने बताया कि फोगाट को सरकार ने हर वह सुविधा मुहैया कराई जो जरूरी थी।खेल मंत्री बयान से असंतुष्ट विपक्ष ने महिला पहलवान के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाकर दोनो सदनों से वाकआउट किया। इससे साफ है कि आने वाले दिनो में इस मुददे पर राजनीति होगी। सबको पता है कि विनेश का फाइनल खेलना तब ही संभव होगा जब वह अपना वजन उतना ही रखेंगी जितना होना चाहिए। इसके बाद भी उनका वजन सौ ग्राम ज्यादा हो गया तो इसके लिए किसको दोषी माना जाना चाहिए। क्योंकि यह तो सामूहिक जिम्मेदारी थी। विनेश की भी जिम्मेदारी थी और सपोर्ट स्टाफ की भी जिम्मेदारी थी। ऐसा भी नहीं है कि सभी ने कोशिश नहीं की लेकिन उसके बाद भी सौ ग्राम ज्यादा रह जाना यह निश्चित रूप से दुभार्ग्य की बात ही कही जा सकती है। ओलिंपिक में सिल्वर व गोल्ड मेडल मिलना बहुत बड़ी बात होती है। खासकर भारतीय खिलाड़ियों के लिए। इसके पीछे बरसों की मेहनत होती है।वही मेहनत जरा सी चूक से बेकार हो जाती है जब भारतीय खिलाड़ी किसी भी वजह से पहले तीन में नहीं आ पाते हैं। ओलिंपिक में पहले दस स्थान में आना भी खिलाड़ियों के लिए गर्व की बात होती है लेकिन पहले तीन स्थानों पर आने पर पदक मिलता है, इसलिए पहले दस स्थानों पर आने वालों को कोई याद नहीं करता है, पहले तीन स्थानों पर आने वाले को याद रखा जाता है। इतिहास में इन्हीं लोगों को याद किया जाता है, याद रखा जाता है। बहुत से भारतीय खिलाड़ों ने इस पेरिस ओलिंपिक में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन जिन खिलाड़ियों पदक जीता है, उन्हें ही सबसे ज्यादा सराहा जाएगा। उनको पलकों पर बिठाया जाएगा। मनु भाकर का भारत में शानदार स्वागत किया गया है तो इसलिए की ऐन वक्त पर वह दूसरे खिलाड़ों की तरह अपना सर्वश्रेष्ठ देने से चूक नहीं गई। हर बड़ी प्रतियोगिता में जीतता वही है, जो हर हाल में जीतने की पूरी तैयारी करके जाता है।तैयारी तो नीरज चोपड़ा की तरह होनी चाहिए। हार की कहीं कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। पहले प्रदर्शन से ही साफ हो जाए सारे खिलाड़ियों को कि इसको हराना मुमकिन नहीं है। जीतेगा तो यही जीतेगा, क्योंकि यह जीतने के लिए पूरी तैयारी करके आया है। ओलिंपिक में गोल्ड जीतने का मतलब होता है कि खिलाड़ी पूरी तैयारी करके आया था। जिन लोगों ने सिल्वर व ब्रांज जीता है, वह भी तैयारी कर-के आए थे लेकिन ऐन वक्त पर जरा सा चूक गए। विनेश फोगाट का नाम भी अब इन्हीं ऐन वक्त पर चूकने वाले खिलाड़िय़ों में लिया जाएगा।

अस्थिरता

ललित गर्ग

# पड़ोसी देशों में भारत-विरोधी सरकारों के गठन की चिन्ता



भारत के पडोसी देशों में अस्थिरता एवं अराजकता का माहौल चिन्ताजनक है। बांग्लादेश के साथ-साथ भारत के पड़ोसी मुल्कों में हुए हालिया अराजक, हिंसक एवं अस्थिरता के घटनाक्रमों से एक तस्वीर बनती है एवं एक सन्देश उभर कर आता है, वह है, चीनी के द्वारा भारत विरोधी सरकारों के गठन की साजिश। सिर्फ बांग्लादेश ही नहीं, बल्कि मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और श्रीलंका में राजनीतिक उथल-पुथल और तख्तापलट के बाद अस्तित्व में आई सरकारों ने भारत के लिए चुनौतीपूर्ण हालात पैदा कर दिए हैं। भारत को सतर्क एवं सावधानी बरतने की जरूरत है। अब सवाल ये उठते हैं कि भारत के पड़ोसी देशों में हो रही इस अराजकता एवं अस्थिरता के कारण क्या हैं? यह सिर्फ एक संयोग है या फिर साजिश? क्या इसके पीछे चीन का हाथ है? क्या पाकिस्तान भी इसके लिये जिम्मेदार है? पड़ोसी देशों में पनप रही इस राजनीतिक अस्थिरता का भारत पर क्या असर होगा?

इसकी भरी-पूरी आशंका है कि चीन ने पाकिस्तानी तत्वों के जरिये शेख हसीना विरोधी आंदोलन को हवा दी। निश्चित ही शेख हसीना की छवि एक अधिनायकवादी शासक की बनी और पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका उनकी निंदा करने में मुखर हो उठा। अमेरिका उनकी नीतियों से पहले से ही खफा था, क्योंकि वह मानवाधिकार और लोकतंत्र पर उसकी नसीहत सुनने को तैयार नहीं थीं। उनका सत्ता से बाहर होना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है, बांग्लादेश में एक अर्से से भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हैं। उनका भारत विरोधी चेहरा आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान भी दिखा। यह ठीक नहीं कि हिंसक प्रदर्शनकारी अभी भी हिंदुओं और उनके मंदिरों के साथ भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहे हैं। लगभग ऐसी ही स्थितियां चीन और पाकिस्तान ने मालदीव, नेपाल, अफगानिस्तान और श्रीलंका में खड़ी की है।

हसीना का जाना या उनका निष्कासन चीन एवं पाकिस्तान की साजिशों का परिणाम है, जो भारत के लिए कई मायनों में झटका है। इसका यह मतलब भी है कि भारत ने पड़ोस में अपने इकलौते स्थिर साथी को अब खो दिया है। भारत अपने चारों ओर से बदहाल, कट्टरवादी, अराजक एवं अस्थिर पड़ोसियों से घिरा है। हमारे पड़ोस में अफगानिस्तान है, जिस पर कट्टरपंथी तालिबान का राज है। भारत-विरोधी समूहों को समर्थन देने का उसका एक काला इतिहास रहा है। पाकिस्तान तो भारत का दुश्मन देश ही है। एक बेहद अशांत पड़ोस, जो कट्टरपंथियों, सैन्य शासकों, दिवालिया अर्थव्यवस्थाओं और जलवायु-परिवर्तन के कारण डूबते देशों में अग्रणी है। अपनी आर्थिक बदहाली के बावजूद वह भारत विरोधी षडयंत्र रचता ही रहता है। वह राजनीतिक अस्थिरता का पर्याय है। विडम्बना देखिये कि पाकिस्तान के एक भी वजीरे-आजम ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया है। हमेशा वहां की फौज ने उनके कार्यकाल में टांग डाली है। दक्षिण में श्रीलंका और मालदीव हैं। श्रीलंका 2022 में दिवालिया हो गया था। वहां से सामने आई तस्वीरें एवं घटनाक्रम आज के बांग्लादेश से काफी मिलती-जुलती रही हैं। वहां भी प्रदर्शनकारियों ने बड़ा जनआंदोलन किया और जनता ने राष्ट्रपति भवन पर कब्जा कर लिया, जिस कारण राष्ट्रपति गोटाबाया को देश छोड़कर भागना पड़ा था।



आर्थिक दिवालियेपन का शिकार यह देश चीन के कर्ज के जाल में फंसा हुआ है। श्रीलंका के कर्ज का एक बड़ा हिस्सा चीन का था, जिस कारण चीन ने यहां के हंबनटोटा बंदरगाह पर कब्जा कर लिया था। हालात यह हो गए थे कि श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार खाली हो गया था।

मालदीव एक समय भारत का सहयोगी हुआ करता था। वहां की अर्थव्यवस्था चीन और भारत पर निर्भर है। हालांकि, मालदीव की भारत से नजदीकी हमेशा चीन को खटकती थी, जिस कारण उसने इस देश को अपने कर्ज के जाल में फंसाया। धीरे-धीरे इस देश की माली हालत बुरी होने लगी, जिसके बाद यहां चीन समर्थक और इंडिया आउट का नारा देने वाले मोहम्मद मुइज्जू की सरकार बनी। पाकिस्तान एवं चीन के दबाव में उनके नए राष्ट्रपति के सुर बदले हुए हैं। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने हुए हैं। मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन का ही दौरा किया था और इसके बाद उन्होंने कई भारत विरोधी फैसले किए, जिसमें मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी भी शामिल थी। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने हुए हैं।

नेपाल बीते कई सालों से राजनीतिक अस्थिरता के दौरे से गुजर रहा है। हाल ही में यहां एक बार फिर से सत्ता परिवर्तन हुआ और प्रो-भारत माने जाने वाली प्रचंड सरकार सत्ता से बाहर हो गई। अब यहां चीन समर्थक केपी शर्मा ओली की सरकार है। ओली इससे पहले 2015-16 में नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। उस समय भारत और नेपाल के संबंध काफी तनावपूर्ण रहे थे। नेपाल में गत 16 वर्षों में 14 सरकारें बदल चुकी हैं। हालात इतने बदहाल हैं कि वहां पर कुछ लोग राजशाही को फिर से बहाल करना चाहते हैं। नेपाल में भी चीन ने जाल बिछा रखा है। चीन विस्तारवादी, अलोकतांत्रिक और अपने आस-पड़ोस के देशों के साथ धौंस-डपट करने वाला देश है। वह भारत के भूखंडों पर अपनी मिल्कियत जताता रहता है। भूटान में घरेलू राजनीति स्थिर है, लेकिन वह चीन के साथ सीमा-समझौते पर हस्ताक्षर करना चाहता है, और यह भारत के लिए चिंता का बड़ा कारण है।

भारतीय उपमहाद्वीप के मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, भुटान और श्रीलंका के बाद अब बांग्लादेश में उत्पन्न होने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों को दुनिया चुपचाप सब देख रही है, वहीं भारत इसके लिए खुद को तैयार कर रहा है, क्योंकि बांग्लादेश की घटनाओं का उस पर सीधा असर होगा। भारत शांति कायम रखने एवं पडोसी देशों से मित्रता कायम रखने के अपने संकल्पों एवं रणनीतियों के लिए इन देशों पर भरोसा नहीं कर सकता। हमारे इर्द-गिर्द मची उथलपुथल, अस्थिरता एवं अराजकता हमारे वैश्विक एजेंडे को भी बाधित करती है। भारत की आबादी 1.4 अरब है। उसके सभी पड़ोसियों की कुल आबादी 50 करोड़ है। अर्थव्यवस्था के साथ भी ऐसा ही है। भारत की जीडीपी तीन ट्रिलियन डॉलर है। बाकी सब मिलाकर लगभग एक ट्रिलियन हैं। भारत समर्थ है, शक्ति सम्पन्न है, दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, इसलिये उसे अधिक बलों की तैनाती, अधिक रक्षा खर्च और सीमाओं पर अधिक बुनियादी ढांचों का निर्माण करना होगा। क्योंकि भारत के सभी पडोसी देशों पर चीन का दबदबा है और उसके दबाव में भारत के लिये कभी भी संकट बन सकते हैं।

बांग्लादेश के घटनाक्रम पर भारत की सतर्कता, विवेक एवं समझदारी सराहनीय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार पडोसी देशों में उत्पन्न हालातों पर समझ एवं संयम से कदम उठाती रही है। बांग्लादेश की तख्तापलट घटनाओं पर भी उसने पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई, विपक्षी दलों ने महत्वपूर्ण भूमिका के साथ अपनी बात रखी। ऐसे ज्वलंत मुद्दों पर सर्वसम्मति बनना जीवंत लोकतंत्र का प्रमाण है। ऐसा अनुकरणीय उदाहरण पडोसी देशों में न मिलना ही उनकी अस्थिरता एवं अराजकता का बड़ा कारण है। किसी भी लोकतांत्रिक देश में ऐसी स्थिति कतई नहीं बननी चाहिए कि जहां राजनीतिक दलों के बीच दूरियां इस कदर बढ़ जायें कि फौज का दखल देना पड़े या पडोसी देश अपनी स्वार्थो की रोटियां सेंकने में सफल हो जाये। भारत के पडोसी देशों के लोग केवल बुराइयों से लड़ते नहीं रह सकते, वे व्यक्तिगत एवं सामूहिक, निश्चित सकारात्मक लक्ष्य के साथ जीना चाहते हैं। अन्यथा जीवन की सार्थकता नष्ट हो जाएगी।इन पडोसी देशों के नेता दो तरह के हैं- एक वे जो कुछ करना चाहते हैं, दूसरे वे जो कुछ होना चाहते हैं। असली नेता को सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी होकर, प्रासंगिक और अप्रासंगिक के बीच भेदरेखा बनानी होती है। संयुक्त रूप से कार्य करें तो सभी पडोसी देश मिलकर विश्व में एक बड़ी ताकत बन सकते हैं। लेकिन उन्होंने सहचिन्तन को शायद कमजोरी मान रखा है। नेतृत्व के नीचे शून्य तो सदैव खतरनाक होता ही है पर यहां तो ऊपर-नीचे शून्य ही शून्य है। इन पडोसी देशों के स्तर पर तेजस्वी और खरे नेतृत्व का नितान्त अभाव है। भारतीय उपमहाद्वीप के देशों के केनवास पर शांति, प्रेम, विकास और सह-अस्तित्व के रंग भरने की अपेक्षा है। भारत इस स्थिति में है, उसे मनोबल के साथ पडोसी देशों में स्थिरता, शांति, लोकतंत्र एवं आपसी समझ की ज्योत जलाने के लिये तत्पर रहना चाहिए, जो उन देशों के साथ भारत के लिये भी जरूरी है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपनी मेहनत से बढ़कर लाभ मिलेगा और कार्यक्षेत्र में आप एक अच्छा मुकाम हासिल करने में कामयाब रहेंगे। आपको यदि किसी निर्णय को लेने में कशमकश बनी हुई थी, तो आप उसमें अपने जीवनसाथी से सलाह मशवरा कर सकते हैं। आपके बिजनेस की कोई योजना गति पकड़ेगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में प्रमोशन मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। संतान किसी प्रतियोगिता में जीत हासिल कर सकती है। परिवार में जश्न का आयोजन रहेगा। आप अपने पिताजी से किसी गलती के लिए माफी मांग सकते हैं। आप काफी कामों को लेकर एक साथ चलेंगे, जिससे आपको व्यस्तता रहेगी। आपके लिए किसी नए काम की शुरूआत करना अच्छा रहेगा और आपकी तरक्की के नए-नए मार्ग खुलेंगे।

मिथुन- आज का दिन विद्यार्थियों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में मन मुताबिक काम मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपकी माताजी का कोई पुराना रोग उभरने से आपको समस्या होगी। आप अपने किसी सहयोगी के लिए कोई मदद कर सकते हैं और जीवनसाथी को आप कोई महंगे कपड़े, मोबाइल, लैपटॉप आदि दिला सकते हैं। आप अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां पर पूरा ध्यान देंगे। संतान को किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप अपने परिजनों के साथ कुछ मौज मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे और आप अपनी आय को बढ़ाने की कोई कोशिश नहीं छोड़ेंगे। आप खूब तरक्की होगी। रचनात्मक कार्यों में आपकी खूब रुचि रहेगी। बिजनेस में किसी काम को लेकर यदि कोई संशय बना हुआ है, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे ना बढ़ें। भाई बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप अपने घर के रिनोवेशन पर भी अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। यदि आपकी कोई वस्तु खो गई थी, तो वह भी आपको मिल सकती है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे। कारोबार में आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे नाराज हो सकता है। आपको अपने सहकर्मियों पर पूरा भरोसा रखना होगा। आपका कोई लेनदेन से संबंधित मामला आपको परेशान कर रहा था, तो वह भी दूर हो सकता है। आपको अपनी वाणी और व्यवहार का नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए खान-पान पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। आपके मन में यदि कोई उलझन चल रही है, तो आप उसे अपने पिताजी की मदद से दूर करने की कोशिश करेंगे। आपके परिवार के सदस्यों में यदि कोई समस्या है, तो आप उसे आसानी से दूर कर पाएंगे। आपको कमाई के कुछ नए अवसर मिलेंगे। आपका कोई विरोधी आपके खिलाफ कोई षड्यंत्र रच सकता है।

तुला- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को मौज मस्ती करने का मौका मिलेगा। यदि आपको किसी बात को लेकर कोई तनाव चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। आप अपनी शान शौकत की वस्तुओं पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। आपको किसी काम को लेकर परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। छोटे बच्चे आपसे किसी चीज के फरमाइश कर सकते हैं। आप यदि किसी काम में हाथ डालेंगे, तो उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आपको अपने मित्रों का पूरा साथ मिलेगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोग अपने कामों से एक नई पहचान बनाएंगे। आपको अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों में ढील देने से बचना होगा। आप अपने भविष्य को लेकर कोई अच्छा निवेश कर सकते हैं। आपको जीवनसाथी के मन में चल रही बातों को जानने की कोशिश करनी होगी। आपकी किसी नये काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। आपका कोई कानूनी मामला आपको परेशान करेगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कुछ आनंदमय पल व्यतीत करेंगे। यदि आपको किसी बात को लेकर कोई चिंता सता रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपकी किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। आपको अपनी मेहनत पर पूरा भरोसा रखना होगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपने पहले यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है।

मकर- आज का दिन आपके लिए आय को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको अपने लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने की आवश्यकता है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती हैं। आपको कुछ नए इन्वेस्टमेंट करने का मन करेगा। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको अपने किसी सहयोगी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपनी सेहत पर ध्यान देने की आवश्यकता है। आप अपने परिजनों के साथ कुछ मौज मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आप अपने जीवनसाथी के साथ कुछ मौज मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे। आपको अपने माताजी की कोई बात बुरी लग सकती है।

मीन- आज का दिन आपके लिए बिजनेस में उतार चढ़ाव लेकर आएगा। आप कोई जोखिम लेने के बारे में ना सोचे, नहीं तो बाद में आपको कोई समस्या रहेगी। किसी काम को करने में आपको धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है। आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए भी आगे आएंगे। पारिवारिक कलह फिर से उठेगी, जिसे आप मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करेंगे।

## सोच की काई

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



नटवर ताऊ के धवलकेशों में तजुर्बा चमक बनकर दमकता है। महामारी के दौर में रामभरोसे अस्पताल ने उनके तजुर्बे के अध्याय को काफी समृद्ध किया है। अपने पड़ोसी मनोहर की पत्नी और उनके दो लड़कों को यमराज की भेंट चढ़ते हुए करीब से देखा है। जीवन में कभी अस्पताल के बारे में बुरा-भला न कहने वाला उनका मुख अस्पताली शब्दावली का रट्टा लगा रहा है। यदि कोई उनसे रामभरोसे अस्पताल के बारे में पूछ लेता तो वे कहते, रामभरोसे अस्पताल तो वही होवे जहाँ बेड कम और मरीज ज्यादा दिखें। ग्लुकोज की जगह आँसू, इलाज की जगह एक हजार टेस्टिंगों के चोंचले और काउंटर पर नोट गिनने की मशीन खर्र-खर्र करते हुए कानों में गूँजे। तब तुम समझ जाना कि निराशा वाली गली में, कब्रिस्तान के पीछे रामभरोसे अस्पताल पहुँचे गए हो। ऐसे अस्पतालों में डॉक्टर की ताल पर मरीजों की आस नाचती है। मनोहर काका पुराने जमाने के आदमी होने के चलते उनकी सोच पर पुरानेपन की काई जम गई थी। उनके हिसाब से पुराने होने का मतलब नयों को डाँटने का लायसेंस है। कोई कुछ कह देता तो तुरंत उसकी बात काटने के लिए कैंची लिए कूद पड़ते। उनसे बहस करना मतलब अपना सिर दीवार को दे मारना था। अड़ियल इतने कि नेता सारे फेल हो जाएँ। उन्हें बहुओं ने बार-बार समझाया कि संभलकर रहिए। आबोंहवा ठीक नही है। लेकिन काका थे कि अपने फ्लो में बहुओं की ऐसी क्लास लगाते कि चारों खाने चित्त। कहते, यह बीमारी-वीमारी कुछ नहीं होती। सब मन का फरेब है। मैंने ऐसी कई बीमारियों को मच्छर की तरह मसल दिया है। न जाने क्यों लोग मुँह पर निपोरा लगाए घूम रहे हैं। इतने डरपोक लोग मैंने आज तक जिंदगी में नहीं देखे। इतना कहते और कंधे पर गमछा डालकर सुपरमैन की तरह बाजार की ओर निकल पड़ते। यही सुपरमैन फल-फूल, दूध, सब्जी और जरूरत की चींजें ले आते। एक दिन जरूरत की चीजों के साथ-साथ छींक और खांसी उपहार साथ में ले आए। दो दिन तक सुपरमैन लगातार खांसते और छींकते रहे। बडी मुश्किल से मनाकर उन्हें रामभरोसे अस्पताल ले गए। वहाँ पता चला कि वे पॉजिटिव हो गए हैं। घरवालों की भी जाँच हुई। पत्नी और दोनों लड़के पॉजिटिव निकले। अडियल सुपरमैन ने रोती-बिलखती बहुओं को समझाया कि किसी को कुछ नहीं होगा। यह रोना-धोना बंद करो। हिम्मत से रहो। सुपरमैन तो जैसे-तैसे बच गए, लेकिन पत्नी और दोनों लड़के भगवान को प्यारे हो गए। अस्पताल के चक्कर में इतना खर्च हो गया कि उन्हें अपना घर बेचना पड़ा। अब सूपरमैन पहले जैसे अड़ियल नहीं रहे। अब वे पूरी तरह ठंडे पड़ चुके थे।




## एयरटेल ने नए घरों तक अपनी वाई-फाई सेवा का विस्तार किया

भारत की अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक भारती एयरटेल (एयरटेल) ने घोषणा की है कि उसने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 29 लाख से अधिक अतिरिक्त नए घरों तक अपनी वाई-फाई सेवा का विस्तार किया है। एयरटेल वाई-फाई के साथ, ग्राहक को न केवल विश्वसनीय हाई स्पीड की वायरलेस इंटरनेट सेवा मिलती है, बल्कि असीमित स्ट्रीमिंग, 20 से अधिक ओटीटी सेवाओं और 350 से अधिक टीवी चैनलों सहित कई अन्य लाभ भी मिलते हैं। ग्राहक एयरटेल थैंक्स ऐप का उपयोग करके या 8130181301 पर कॉल कर एयरटेल वाई-फाई बुक करने का ऑर्डर दे सकते हैं। भारती एयरटेल के मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सीईओ, रीतेश अग्रवाल ने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि एयरटेल वाई-फाई अब मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के हर कोने में पहुंच गया है। एयरटेल वाई-फाई के साथ, ग्राहक 20 से अधिक ओटीटी, 350 से अधिक टेलीविजन चैनलों और एक विश्वसनीय हाई स्पीड वाली वायरलेस वाई-फाई सेवा से मनोरंजन के विस्तृत विकल्पों का लाभ किफायती टैरिफ रु 699 प्रति माह पर उठा सकते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि ग्राहक इसका अधिकतम लाभ उठाएंगे और अनंत मनोरंजन का आनंद लेंगे।

युध्द

किशन सनमुखदास भावनानी

# जंग के मुहाने पर मिडिल ईस्ट,ईरान-इजरायल में टकराव!



वैश्विक स्तरपर तेल उत्पादन में सबसे महत्वपूर्ण मिडल ईस्ट जिसमें ईरान इराक सऊदी अरब कुवैत और यूएई का नाम शामिल है, इन्हें ओपेक देश भी कहा जाता है। तेल उत्पादन के लिए पूरी दुनियां में अहम है। सही मायनों में यह पूरी दुनियां को अपने दम पर चलाते हैं।पूरी दुनियां की अर्थव्यवस्था इनसे प्रभावित होती है। तेल के व्यापार के नाम पर भले ही यह देश एकमुस्त दिखाई देते हैं,परंतु इनमें भी हम मीडिया में आए मामलों के आधार पर इनमें टकराहट दिखाई देती है, जिसका उदाहरण वर्तमान में ईरान-इजरायल तुर्की-सीरिया इसराइल-तुर्की सहितसऊदीअरब सीरिया फिलिस्तीन-इजरायल के बीच तनाव दिखता रहता है। आज इस विषय पर हम बात इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि हमास नेता स्माइल हानिया व हिजबुल मिलिट्री फौंद शकूर के मारे जाने के बाद मिडल ईस्ट में बड़ी जंग का माहौल बन गया है, जिसमें ईरान ने इजराइल से बदला लेने,उसपर हमला कर उसे गाजापट्टी सारीखा बनाने का ऐलान किया है इससे तो दूसरी ओर खलबली का माहौल बन गया है। इजरायल ने भी घोषणा कर दी है कि वह हर हमले के लिए तैयार है।इधर कई देशों ने तेल अवीव सहित अनेक क्षेत्रों को अपनी अपनी हवाई सेवाएं कैंसिल कर दी है, तो कई ने अपने नागरिको के लिए गाइडलाइंस जारी कर दी है। अमेरिका के भी इजरायल के साथ एकजुट खड़े होने का अंदेशा इसी से लगाया जा सकता है कि, 3 अगस्त 2024 को देर शाम मीडिया में आई खबरों के अनुसार अमेरिका ने मिडल ईस्ट समुद्री क्षेत्र में अपना महाविनाशक बेड़ा इजरायल के सपोर्ट में खड़ा करेगा। उधर अरब वर्ल्ड के कुछ देश इजराइल अमेरिका के साथ खड़े होने के कयास लगाए जा रहे हैं। चूंकि ईरान इजरायल में टकराव से जंग के मुहाने पर खड़ा है मिडल ईस्ट, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, पूरी दुनियां के लिए खतरे की घंटी बनेगा ईरान इजरायल युद्ध, पूरी दुनियां में तेल उत्पादन के लिए अहम मिडिल ईस्ट में जंग से दुनियां की अर्थव्यवस्था प्रभावित होने की संभावना को रेखांकित करना जरुरी है।

साथियों बात अगर हम मिडिल ईस्ट में ताजा टेंशन ईरान इजरायल टकराव की करें तो हिजबुल्लाह के मिलिट्री चीफ फौद शुकूर और हमास नेता इस्माइल हानिया के मारे जाने के बाद मिडिल ईस्ट में एक बड़ी जंग का माहौल बना हुआ है। इस्माइल हानिया की तेहरान में हत्या के बाद से मिडिल ईस्ट में तनाव और बढ़ गया है। ईरान ने इजरायल पर हमले की धमकी दी है।लेबनान से हिजबुल्लाह ने देर रात उत्तरी इजरायल पर कई रॉकेट दागे।इसी बीच पेंटागन ने शुक्रवार को कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य उपस्थिति को बढ़ाएगा, तथा क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी कर्मियों की सुरक्षा और इजरायल की रक्षा के लिए अतिरिक्त युद्धपोतों और लड़ाकू विमानों को तैनात करेगा इसी बीच भारत ने लेबनान और इजरायल में रहने वाले भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी की है।ईरान ने साफ किया है कि वह अपनी धरती पर इस्माइल हानिया की हत्या का बदला इजरायल से लेगा।दावा किया जा रहा है कि ईरान की ओर से इजरायल पर सीधा हमला होसकता है। ईरान को लेबनान में हिजबुल्लाह, सीरिया और इराक के मिलिशिया और यमन में हूती से मदद मिल सकती है। इसी साल अप्रैल में भी ईरान की ओर से इजरायल पर मिसाइल और ड्रोन हमला हो चुका है। इन मिसाइलों को रोकने में इजरायल कामयाब रहा था क्योंकि उसे अमेरिका के साथ साथ जॉर्डन का भी साथ मिला था। वहीं यूएई और सऊदी ने भी सूचनाएं अमेरिका को दी थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, इराक, ईरान या यमन से इजरायल पर हमले के लिए लॉन्च की गई मिसाइल और ड्रोन को कई देशों को पार करना होता है। ऐसे में जॉर्डन जैसे देशों का रोल अहम हो जाता है। जॉर्डन को इस साल अप्रैल में इजरायल की मदद करने के लिए आलोचना का भी सामना करना पड़ा था। ऐसे में जॉर्डन के विदेश मंत्री ने बाद में स्पष्ट किया था कि उनका देश ईरान या इजरायल को हवाई क्षेत्र के किसी भी उल्लंघन की इजाजत नहीं देगा। एक बार फिर मंडराते युद्ध के खतरे के बीच ना सिर्फ जॉर्डन बल्कि सऊदी और यूएई जैसे अमेरिकी सहयोगियों के रोल पर भी दुनियां की निगाह है।ईरान की ओर से नए हमले के अंदेशे के बीच जॉर्डन के विदेश मंत्री ने हाल ही में कहा है कि हमें अपनी सीमाओं पर हमेशा सतर्क रहना है। किसी को भी जॉर्डन को युद्धक्षेत्र में बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हमारी प्राथमिकता जॉर्डन और जॉर्डन के लोगों की रक्षा करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जॉर्डन अपने हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने का प्रयास करने वाली किसी भी ताकत का सामना करेगा। साथियों बात अगर हम मिडिल ईस्ट के 17 देशों में लंबे समय से टेंशन की करें तो,मध्य पूर्व के 17 देश कौन से हैं? लेबनान, सीरिया, इजराइल, जॉर्डन, सऊदी अरब, यमन, ओमान, बहरीन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, इराक और ईरान। इसमें गाजा और वेस्ट बैंक के फिलिस्तीनी क्षेत्र भी शामिल हैं, जिन्हें वास्तव में संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त देश नहीं माना जाता है मिडिल ईस्ट में लगातार बढ़ती दूरी किसी भी वक्त बड़े युद्ध का रूप ले सकती है। इसी वजह से यह पूरी दुनियां के लिए खतरा के लिए खतरा बना हुआ है। यहां की बढ़ती नफरत की वजह धार्मिक कट्टरवाद, आतंकवाद का साथ और अपने निजी हित हैं। आलम ये है कि मौजूदा समय में मिडिल ईस्ट में शामिल 18 देशों में ज्यादातर देश एक दूसरे को नामपसंद करते हैं। इन सभी 18 देशों में शांति की बात करना मौजूदा समय में बेमानी दिखाई देता है।मिडिल ईस्ट में शामिल 18 देशों में बहरीन, साइप्रस, मिस्त्र, ईरान, इराक, इजरायल, जोर्डन, कुवैत, लेबनान, उत्तरी साइप्रस, ओमान, फिलिस्तीन, कतर, सऊदी अरब, सीरिया, तुर्की, यूएई, और यमन हैं। मौजूदा परिस्थितियों में इजरायल, ईरान को पसंद नहीं करता है।इराक सीरिया को नापसंद करता है, सीरिया तुर्की को पंसद नहीं, तुर्की से इजरायल का छत्तीस का आंकड़ा है। फिलिस्तीन भी इजरायल को पसंद नहीं करता है। कुवैत, इराक से नफरत करता है। लेबनान, ओमान और जोर्डन में आतंकवाद की जड़े बड़ी गहरी हैं। इसलिए ये दूसरे देशों के आंखों की किरकिरी बने हुए हैं। यूएई को यदि छोड़ दें तो ये बेहद साफ है कि यहां की आबोहवा में शांति और यहां फैली आपसी नफरत को खत्म करने का कोई जरिया फिलहाल दिखाई नहीं देता है। मिडिल ईस्ट में शामिल देशों में ही वो देश भी आते हैं जो तेल उत्पादन के लिए पूरी दुनियां में अहम हैं, जिन्हें ओपेक देश भी कहा जाता है। सही मायने में यह पूरी दुनिया को अपने दम पर चलाते हैं। पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था इनसे प्रभावित होती है। इनमें ईरान, इराक, सऊदी अरब, कुवैत और यूएई का नाम शामिल है। तेल के व्यापार के नाम पर ये देश भले ही एकजुट दिखाई देते हों लेकिन इसके उलट इनमें भी एकजुटता नहीं है। इस क्षेत्र में शामिल देशों के बीच निजी हितों को लेकर हमेशा टकराव बना रहता है। इसका उदाहरण मौजूदा समय में इजरायल और तुर्की, तुर्की और सीरिया, सीरिया और सऊदी अरब, ईरान और इजरायल, फिलिस्तीन और इजरायल के बीच का तनाव है।

साथियों बात अगर हम मिडिल ईस्ट में अमेरिका के दखल ल की करें तो,मिडिल ईस्ट के देशों में फैली अनबन की एक बड़ी वजह अमेरिका का हित भी है।अमेरिका की वर्षों से मिडिल ईस्ट को लेकर एक दूसरी ही नीति और नीयत रही है। इस नीति और नियत का ही परिणाम पूरी दुनिया ने 1990-1991 के खाड़ी युद्ध के रूप में देखा था। इसमें अमेरिका ने कुवैत का साथ दिया था। इस युद्ध का मकसद हकीकत में इराक के राष्ट्रपति को हटाना था। जानकार भी सीरिया में चल रहे गृह युद्ध की बड़ी वजह अमेरिका की वहां दखलंदाजी को मानते हैं। इसके अलावा ईरान से फैली नफरत के पीछे भी अमेरिका की यही नीति काम कर रही है जिसके तहत वह सऊदी अरब से संबंध मजबूत कर रहा है और उसको ईरान के खिलाफ भड़का रहा है। वहीं तीसरे मोर्चे पर अमेरिका के इजरायल से लगातार मजबूत रिश्ते भी यहां पर नफरत को बढ़ावा दे रहे हैं। आलम ये है कि लीबिया में गद्दाफी को हटाने और इराक से सद्दाम को हटाने के बाद से ही वहां आतंकवाद हावी हो गया जिसने सीरिया समेत सऊदी अरब, कुवैत, को अपनी चपेट में लिया।

# देवालयों में उमड़े भक्त, नाग देवता का किया दुग्धाभिषेक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 9 अगस्त।** नागपंचमी के पावन अवसर पर आज नगर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। शिवभक्तों ने दुग्धाभिषेक कर नागदेवता की पूजा अर्चना की। हिन्दू धर्म शास्त्रों के मुताबिक हिन्दू पंचांग की पंचमी तिथि के स्वामी शेषनाग हैं। वहीं पौराणिक मान्यताओं में नाग जाति की उत्पत्ति शिव कृपा से ही मानी गई है। यही कारण है कि शिव भक्ति के काल सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी पर नाग पूजा व नागदेवता के दर्शन बहुत ही शुभ मानी गई है। शुक्रवार को नागपंचमी का पर्व अंचल में भक्तिभाव के साथ मनाया गया। धार्मिक मान्यताओं में नागपूजा दरिद्रता और कलह दूर कर खुशहाली लाती है। वैवाहिक, संतान सुख और कामनाएं पूरी होती है। धार्मिक त्योहारों में नागपंचमी का विशेष महत्व होता है। इस अवसर पर जगह जगह भक्तगण नाग देवता की पूजा कर उसे दुध पिलाते हैं । पुराणों के मुताबिक नागपंचमी के दिन घर के दरवाजे के दोनों तरफ नाग की मूर्ति बनाकर उसकी पूजा करने से नागराज प्रसन्न होते हैं और भक्तों को मनचाहा फल की प्राप्ति होती है। इस दिन भक्त अपने घरों में गेहूं के आटे से निर्मित नाग-नागिन का चित्र बनाकर पूजा करते हैं। नागपंचमी पर सपेरों को बुलाकर अपने घरों में नाग देवता को दुध भी पिलाई जाती है और इस तरह साक्षात नागराज के दर्शन व पूजन कर भक्त अपने को धन्य करते हैं। नागपंचमी के शुभ अवसर पर आज बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने देवालयों में पहुंचकर भगवान शिव के लिंग पर विराजमान नागदेव को दूध चढ़ाकर कर तथा नारियल, फल-फूल, बेलपत्र, शहद चावल आदि अर्पित कर नाग देवता समेत भगवन शिवजी की आराधना की । नागपंचमी पर आज बहुत सी महिलाएं व्रत रखीं हैं। भक्तों ने नागदेवता की पूजा कर भगवान शिवजी से परिवार की सुख सलामती की कामना की।





# यातायात पुलिस ने लोगों को हेलमेट पहनने के लिए किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 9 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक गौरव राय (भा.पु.से.) निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री स्मृत राजनाला (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. बर्मन के मार्गदर्शन में तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात नसरउल्लाह सिद्दकी के नेतृत्व में यातायात पुलिस दन्तेवाड़ा के द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दन्तेवाड़ा नगर के चौक-चौरहों पर बिना हेलमेट फर्राटे भरने वाले दो-पहिया वाहन चालाकों पर यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट की उपयोगिता एवं महत्व को लेकर जागरूकता का पाठ पढ़ाया गया। ताकि दुर्घटना होने पर भी होने वाली मृत्यु दर को कम किया जा सके। इस हेतु यातायात का अमला नगर में घूम कर बिना हेलमेट के वाहन चलाते विचरण करने वाले 25 दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट की उपयोगिता एवं उसकी आवश्यकता के बारे में बताते हुये हेलमेट धारण करने से उनका जीवन सुरक्षित रहेगा की साथ ही वाहन चालकों ने इस बात को गंभीरता से लेते हुये भविष्य में इस प्रकार की गलती दूबारा न होने की बात कही एवं स्वयं तत्काल हेलमेट क्रय कर उसे पहन कर अपनी गड़ियो को लेकर गए! उप पुलिस अधीक्षक यातायात (पर्यवेक्षण अधिकारी) श्री नसरउल्लाह सिद्दकी ने बताया की सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु के ग्राफ को कम करने के लिये समय-समय पर यातायात पुलिस के द्वारा आमजनों के हित में इस प्रकार का अभियान चलाती रहती है, इसी क्रम में इस प्रकार की कार्यवाही की गई है। आगे उन्होंने आम जनता से दो-पहिया वाहन चालन के दौरान हेलमेट व चार-पहिया वाहन चालन के समय सीटबेल्ट का का उपयोग करने, यातायात नियमों एवं संकेतो का पालन करने की अपील भी की है। इस कार्यावाही के दौरान यातायात प्रभारी स.उ.नि. जितेन्द्र त्रिपाठी, प्र.आर.- थानसिंह देशमुख, श्याम लाल राना आर.- वेदप्रकाश, ललित बारला, ,विरेन्द्र वर्मा मौजूद रहे।



# जर्जर भवनों में रहकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं आदिवासी विद्यार्थी

■ शिक्षा विभाग की व्यवस्था आज भी धूमिल

**सुकमा 9 अगस्त।** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम की टीम टाहकावाड़ा, कुमाकोलेग, नामापारा, बालेरास, तोंगपाल के आश्रम, छात्रावासो, पोटाकेबिन का दौरा किया गया, इस दौरान सभी भवन जर्जर अवस्था मे है, छात्र सोने के जगह पानी टपक रहा है, कमरा पानी भरने से बचाने के लिए बॉल्टी रखकर सोने के लिए मजबूर है छात्र, टॉयलेट बाथरूम अनुपयोगी अवस्था मे है पानी भरा है छात्र खेतो व नाला जंगल मे जाना पड़ता है. अधीक्षको नही सुनती है विभाग, समस्याओ का आवेदन जिला कार्यालय मे धुल खा रहा है, मीनू चार्ट आधार पर नही मिल रहा है, भोजन, पोटाकेबिन मे बच्चो को खिलाया जा रहा है. इन समस्याओ को लेकर जल्द मिलेगे शिक्षा विभाग को, पूर्व मे भी शैक्षणिक समस्याओ को लेकर,द्धस्त्र दिया थी मांग पत्र, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन और भी बड़ी मामले खुलासा करेगी।





## कृष्णा विकाश नेक्स्टजेन स्कूल में विद्यार्थी अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

**जगदलपुर 9 अगस्त।** 7 अगस्त को कृष्णा विकाश नेक्स्टजेन स्कूल, में विद्यार्थी अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन हुआ । यह आयोजन स्कूल की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था, क्योंकि इसमे शाला के छात्रों को नेतृत्व की जिम्मेदारियों के साथ सौंप दिया। पियूष गुप्ता और खुशी कश्यप को क्रमशः हेड बॉय और हेड गर्ल के रूप में नियुक्त किया गया, जबकि हर्षवर्धन सोनी और श्रेया गुप्ता को डिप्टी हेड बॉय और डिप्टी हेड गर्ल के रूप में नियुक्त किया गया। अनिरुद्ध सिन्हा और प्रियांशी धीर को क्रमशः लड़कों और लड़कियों के सांस्कृतिक सचिवों के रूप में नियुक्त किया गया।इसके आलावा शाला के चार हाऊस कैप्टन ने कार्यभार संभाला चार हाउस - फ्लेमिंगो, अल्बाट्रॉस, नाइटहॉक और फाल्कन्स - ने नए कैप्टन को देखा। पुष्पक नाग और केशव सोनी ने क्रमशः फ्लेमिंगो और अल्बाट्रॉस लड़कों का नेतृत्व किया, जबकि लीशा नाग और प्रीति ओझा ने क्रमशः फ्लेमिंगो और अलबत्तरोस लड़कियों का नेतृत्व किया। आर्यन गुप्ता और रुद्रांश शर्मा ने क्रमशः नाइटहॉक और फाल्कन्स लड़कों का नेतृत्व किया, जबकि श्रेया सिंग और तनु बादल ने फाल्कन्स लड़कियों का नेतृत्व किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे बस्तर के जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री विजय शंकर शर्मा थे, जबकि विकाश शैक्षणिक समूह के अकादमिक निदेशक डॉ. एस.एन पांडा विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थे। संस्था के प्राचार्य श्री अनीश सिंह और सभी अतिथियों ने छात्रों को उनकी नई भूमिकाओं पर बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन संस्था के शिक्षक जगमोहन सोनी ने किया कार्यक्रम मार्च पास्ट के साथ शुरू हुआ।

# बैठक में लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करने पर दिया बल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा,9 अगस्त।** बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी सुकमा की उपस्थिति में ब्लॉक स्तरीय टीबी फोरम की बैठक आयोजित की गई। जिसमे टीबी का राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर मौजूदा स्थिति, विभागीय सहयोग, टीबी पर जनजागरूकता पर चर्चा हुई। साथ ही सार्वजनिक स्तर, ग्राम स्तर पर टीबी पर जागरुकता करने ,टाकीज मे फिल्म के दौरान टीबी की जागरूकता संबंधित विडिओ दिखाने के निर्देश एसडीएम ने दिये। उन्होंने कहा की पंचायत को टीबी मुक्त पंचायत बनाना है साथ ही साथ पुरे जिले मे टीबी को खतम करना है। इस मीटिंग में अनिविभागिय अधिकारी डॉ.सूरज कुमार कश्यप, बी.एम.ओ. डॉ.दिपेश चंद्राकर, बी.पी.एम.आर.बी.एस.के. मेडिकल आफिसर डॉ प्रदीप पटेल, आरएम एबीईओ. , काजल फटिंग प्रोग्राम लीडर उपस्थित थे। सीडीपीओ उत्तम प्रसाद, मितानिन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर,एनटीईपी से जिला कार्यक्रम समन्वयक मुकेश रॉय एसटीएलएस. संतोष चव्हाण सुकमा, एस.टी.एस प्रशांत खलको, पीरामल की जिला टीम से राजेश सोलंकी जिला कार्यक्रम अधिकारी , अमोल बोरकर प्रोग्राम लीडर सुकमा ओर




## नशामुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय समिति की हुई बैठक

# जिले को नशामुक्त करने विभागों का समन्वित प्रयास जरूरी:कलेक्टर

**उत्तर बस्तर कांकेर,9 अगस्त।** कलेक्टर श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज छत्तीसगढ़ शराब व्यसन मुक्ति अभियान (भारतमाता वाहिनी) के सफल क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिले में युवाओं को नशे से बचाने के उपाय, भारतमाता वाहिनी का गठन और नशामुक्ति अभियान में सामाजिक संगठनों की सहभागिता पर विस्तृत चर्चा की हुई।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज दोपहर को आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि नशामुक्त भारत अभियान में शासन के प्रयासों के साथ ही स्वयंसेवी संस्थाओं और नागरिकों की सहभागिता भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों से ही नशे पर काबू पा सकते हैं। उन्होंने किशोरों एवं युवाओं को नशे की लत से बचाने शैक्षणिक संस्थाओं में भी सतत् जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित विभागों को नशामुक्ति की दिशा में पृथक-पृथक् कार्ययोजना तैयार करने पर कलेक्टर ने जोर दिया। इस दौरान उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने नशामुक्त भारत अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ शराब व्यसन मुक्ति अभियान के अंतर्गत अब एक हजार जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों में भारतमाता वाहिनी इकाई का गठन किया जाना है। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा नशे से बचाव के लिए मादक पदार्थों के बिक्री पर कड़े प्रतिबंध लगाने, नशे करने वालों पर अर्थदण्ड लगाने तथा मनोवैज्ञानिक तरीके से व्यसनमुक्त करने की दिशा में विभिन्न सुझाव दिए। इस अवसर पर समिति के सदस्यगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



## राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**उत्तर बस्तर कांकेर, 9 अगस्त ।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग के पूर्व परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण उपलब्ध कराने निजी कोचिंग संस्थाओं से रूचि की अभिव्यक्ति का प्रस्ताव 21 अगस्त तक ऑनलाईन आमंत्रित की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जिला उत्तर बस्तर कांकेर में संपर्क कर सकते हैं।

## एक नजर

### ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन का जिले की शैक्षणिक संस्थानों में दौरा

**सुकमा 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** सुकमा ब्लॉक की स्कूल आश्रम, छात्रावास पोटाकेबिन की शिक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे चल रहा हैं, कोटाकेबिन, छात्रावास मूलभूत सुविधा से वंचित ऐस की टीम अचानक आश्रम छात्रों की पहुंचकर व्यवस्था देखा गया तो अधिकांश भवन की स्थिति दयनीय देखने को मिली पूरी तरह जर्जर, क्षतिग्रस्त स्थिति में पाया गया, बच्चे पानी टपकने से बचने के लिए बाल्टी रखकर सोना पड़ता है, कई छात्रावास, आश्रम मरम्मत के नाम लाखो खर्च हुआ, समस्या जस का तस है कोई बदलाव नही, आदिवासी बच्चों की भविष्य के लिये लाखो करोड़ो का भवन, मौत का अड्डा बना, जान जोखिम मे डालकर पढाई कर रहे है, शौचालय की स्थिति कई सही नही है। कितना कार्य जमीनी स्तर पर हुआ, होगा खुलासा,प्रशासन कितना गंभीर है आदिवासी बच्चो का भविष्य मे कितना गंभीर है प्रशासन।

### बड़बोलापन और भ्रष्टाचार एक साथ करते रहे भूपेश:भाजपा

**रायपुर 9 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता, विधायक और पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने छत्तीसगढ़ के नागरिक आपूर्ति निगम (पीडीएस) घोटाला मामले को लेकर हो रहे खुलासों पर कहा है कि कांग्रेस के डीएनए में भ्रष्टाचार किस कदर रचा-बसा है, इसका जीवंत प्रमाण प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर किए गए उस दावे से मिलता है, जिसमें कहा गया है कि आरोपित रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा और आलोक शुक्ला को 16 अक्टूबर, 2019 में अग्रिम जमानत देने वाले हाई कोर्ट के एक तत्कालीन जज उनके (आरोपितों के) संपर्क में थे। श्री मूणत ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता को लूटने वाली कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार ने पहले तो जनता का धन लूटा, उनका अनाज लूटा और बाद में भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देकर सबूत से छेड़छाड़ करने का भी प्रयास किया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, विधायक व पूर्व मंत्री श्री मूणत ने कहा कि जिस प्रकार जाँच एजेंसियाँ सुप्रीम कोर्ट में तथ्यों को सामने रख रही हैं, वे हैरान करने वाने हैं। पीडीएस घोटाले के आरोपियों को बचाने का प्रयास किया गया और इसके लिए किस हद तक भूपेश बघेल की सरकार गई थी, यह अब आईने में साफ नजर आने लगा है। भ्रष्टाचारियों से कांग्रेस और उसकी भूपेश सरकार का बड़ा गहरा नाता रहा है।

### फुटबॉल के प्रशिक्षण के लिए चयन ट्रायल 10 अगस्त तक

**सुकमा, 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** खेलो इंडिया योजनान्तर्गत कलेक्टर श्री हरिस एस. के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग सुकमा द्वारा संचालित लघु प्रशिक्षण फुटबॉल केंद्र के लिए चयन ट्रायल 9 और 10 अगस्त 2024 को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक कुम्हाररास फुटबॉल मैदान में आयोजित किया गया है। जिला मुख्यालय सुकमा में स्थित शैक्षणिक संस्थानों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं से अपील की गई है कि यदि फुटबॉल विधा में रुचि व खेलने की इच्छा रखते हैं वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल पर उपस्थित होकर चयन ट्रायल में शामिल हो सकते हैं। प्रभारी जिला खेल अधिकारी श्री विरुपाक्ष पुराणिक ने बताया कि खेलो इंडिया योजनान्तर्गत लघु प्रशिक्षण केंद्र में फुटबॉल विधा के लिए प्रशिक्षक रखे गए हैं। जो सुबह एवं शाम को खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षणर्थियों को फुटबॉल शूज, परिधान और अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही प्रशिक्षणर्थियों को विभिन्न स्थानों पर मैच खेलने भी ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि खेलो इंडिया योजनान्तर्गत पूर्व में जो खिलाड़ी फुटबॉल खेल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे वह भी चयन ट्रायल में शामिल हो सकते हैं।

### स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त शुष्क दिवस घोषित

**सुकमा, 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हरिस एस. के द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 62 तथा छत्तीसगढ़ आबकारी देशी विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2002 के तहत वर्ष 2024-25 के देशी व विदेशी मदिरा लायसेंस शर्त की कंडिका-16 के तहत् 15 अगस्त 2024 को ÷स्वतंत्रता दिवस÷ के अवसर पर 15 अगस्त 2024 (गुरुवार) को ÷शुष्क अवधि शुष्क दिवस÷ घोषित किया गया है। उक्त अवधि में जिला सुकमा के समस्त देशी व विदेशी मदिरा दुकान व एफ.एल.-7 सैनिक कैंटीन में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा ।

### डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**सुकमा, 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए कृषकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र 31 अगस्त 2024 तक आमंत्रित किया गया है। पुरस्कार हेतु इच्छुक एवं पात्र कृषक कार्यालय उप संचालक कृषि एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुकमा में निर्धारित तिथि तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय एवं वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है। पुरस्कार वितरण राज्य स्थापना दिवस 1 नवम्बर 2024 के अवसर पर किया जाएगा।

### सहायक उपकरण पाकर दिव्यांगजनों के खिले चेहरे

**उत्तर बस्तर कांकेर, 9 अगस्त।** जिले के 10 दिव्यांगजनों को आज समाज कल्याण विभाग कार्यालय परिसर में बैसाखी व्हीलचेयर ट्राईसाईकिल, मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल, श्रवण यंत्र सहित विविध सहायक उपकरण प्रदाय किया गया। सहायक उपकरण पाकर सभी दिव्यांगजन अत्यंत अभिभूत हुए और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किए। उपसंचालक समाज कल्याण श्रीमती क्षमा शर्मा ने बताया कि ग्राम-बेवरती के दिव्यांग कु. गरिमा को व्हीलचेयर, ग्राम सारवंडी के शिवप्रसाद को बैसाखी व मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल, ग्राम सारवंडी के देवेश भास्कर को हस्तचलित ट्रायसाइकल और बैसाखी प्रदाय किया गया। इसी प्रकार ग्राम सारवंडी के गोपाल नेताम को बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्रायसायकिल, चारामा विकासखण्ड के ग्राम तारसगांव की टुकेश्वरी को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, ग्राम-तारसगांव की आशा जैन को व्हीलचेयर सहित अन्य दो-दो ट्राई साइकिल और श्रवण यंत्र प्रदाय किया गया।

## समाचार संक्षेप

### शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का कायाकल्प



**कुरूद 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का कायाकल्प किया जाएगा। इसके मद्देनजर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज स्कूल भवन और परिसर का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि स्वयंसेवी संस्था रायपुर कैपिटल राउंड टेबल 241 द्वारा स्कूल मरम्मत एवं रिनोवेशन का कार्य करेगी। इसके लिए उन्होंने कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग को स्कूल भवन का मुआयना कर प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने उन्होंने कहा कि शाला भवन को सुसज्जित व सुन्दर बनाने के लिए उक्त संस्था को प्राक्कलन प्रदाय किया जाए। साथ ही उक्त कार्य में आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रदाय करने के निर्देश कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर एसडीएम कुरूद श्री डी.डी.मण्डावी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री टी.आर.जगदल्ले, सहायक संचालक शिक्षा श्री एलडी चौधरी, तहसीलदार श्रीमती दुर्गा साहू सहित संबंधित अधिकारी और स्कूल के प्राचार्य उपस्थित रहे।

### पालक और शिक्षक दोनों के प्रयास से ही बच्चे को सर्वांगीण विकास की दिशा में बढ़ने का मौका मिलेगा




**कुरूद 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल चर्रा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव में संकुल स्तरीय पालक- शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति तारिणी नीलम चन्द्राकर थीं। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के अकादमिक प्रगति के लिए पालक और शिक्षक दोनों को प्रयास करने होंगे तभी हमारे बच्चे को सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। पालको और शिक्षकों के बीच संवाद स्थापित होना जरूरी है। संवाद से बच्चों के लिए सीखने के ढेर सारे अवसर बनेगा। उन्होंने आगे कहा कि पालक शिक्षक मेगा बैठक से सकारात्मक परिणाम आएगा। इससे पालक भी शिक्षकीय गतिविधियों से जुड़ पाएंगे।श्रीमती चन्द्राकर ने पालको और शिक्षकों को बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एसडीएम डी डी मंडावी, भूषण साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति भाठागांव, खेमराज चन्द्राकर सरपंच मौजूद विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। आयोजित बैठक में मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की अकादमिक प्रगति, परीक्षा, पुस्तक उपलब्धता, बस्ता रहित शनिवार, विद्यार्थियों के आयु एवं कक्षानुरूप स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण, छात्रवृत्ति, विभिन्न विभागीय योजनाओं, दीक्षा एप्प, ई जादुई पिटारा, डिजिटल लाइब्रेरी जैसे डिजिटल प्लेटफार्म के सम्बन्ध में पालको को अवगत कराते हुए तत्सम्बन्धी आवश्यक चर्चा की गई। इस अवसर पर कमलेश्वरी ध्रुव सरपंच लोकेश्वर साहू, इशु साहु, देवेंद्र दादर, ठाकुर मैडमबैठक में पालक शिक्षक गणमान्य नागरिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए।

### तोंगपाल में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर की तिथि में संशोधन

**सुकमा,9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में विकासखण्ड छिंदगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत तोंगपाल में 08 अगस्त 2024 दिन गुरुवार को जन समस्या निवारण शिविर आयोजित होने वाली तिथि में संशोधित करते हुए उक्त शिविर को 22 अगस्त गुरुवार का आयोजित किया जाएगा।






जगदलपुर 9 अगस्त। शहर में आज आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया।

## एक नजर



### शिव गौरी की आराधना के साथ महिलाओं ने मनाया सावन तीज

**पत्थलगांव, 9 अगस्त।** प्रकृति जब अपने यौवन की हरियाली चादर ओढ़कर लोगो को लुभाने लगती है,उस दौरान सावन महिने के तृतीया को सावन तीज मनाने का त्यौहार आदिकाल से चले आ रहा है। भगवान शिव एवं पार्वती की पूजा कर युवतीयां मनचाहे वर एवं विवाहित महिलायें अपने पतियो के लिए लंबे उम्र की कामना करती है। यह बातें सावन तीज का त्यौहार मनाने के दौरान उल्लास भरे वातावरण मे अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सरोज सुनील गर्ग ने अग्रसेन भवन मे कही थी। दिन बुधवार को सावन तीज के महोत्सव पर अग्रवाल महिला मंडल ने काफी तैयारियां कर रखी थी। अग्रसेन भवन मे सुबह से ही सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहे थे,दोपहर पश्चात महिलायें यहा जुटने लगी थी,रेस्मी रस्सीयों को लपेटकर सावन का झुला तैयार किया गया था,महिलायें हरे परिवेश मे मानो प्रकृति के अनुरूप अपनी वेशभूषा धारण कर रखी हो। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सरोज गर्ग ने बताया कि यह त्यौहार अनेक दशक से अग्रवाल महिला मंडल द्वारा बडे ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता है। उनका कहना था कि अग्रसेन भवन मे आज महिलाओ के लिए रेस्मी डोर से झुला तैयार किया गया था,जिसमे महिलायें झुलकर इस त्यौहार की परंपरा निभा रही थी। अग्रसेन भवन मे व्यंजनो की बगिया भी सजायी गयी थी,तरह-तरह के स्वादिष्ट पकवान स्वतः ही इस आयोजन मे आकर्षित कर रहे थे। इस बीच महिलाओ ने सावन सुंदरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। एक दर्जन से भी अधिक महिलायें इस प्रतियोगिता मे भाग ली। एक से बढकर एक वेशभूषा एवं अभिनय की झलक देखने को मिली। प्रतियोगिता मे पहला स्थान सांची अग्रवाल ने बनाया। दूसरे स्थान पर आयुषी अग्रवाल एवं तीसरे स्थान पर मीनू अग्रवाल एवं कल्पना अग्रवाल सावन सुंदरी के खिताब से नवाजी गयी। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सरोज गर्ग ने सभी विजेता महिलाओ को बधायी देकर उनकी वेशभूषा एवं अभिनय की भिनी-भिनी प्रशंसा की।

### वित्त मंत्री ने डेंगू रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने जिला प्रशासन को किया निर्देशित

**रायगढ़, 9 अगस्त।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने रायगढ़ में डेंगू के रोकथाम के लिए जिला प्रशासन को सभी एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि डेंगू से पीड़ित मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले। इलाज के लिए आवश्यक प्लेटलेट और दूसरे अन्य ब्लड कंपोनेंट की सुविधा भी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के माध्यम से मुहैय्या कराने के निर्देश उन्होंने दिए हैं। इसके साथ ही मरीजों के स्वास्थ्य की नियमित मॉनिटरिंग किए जाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग को विशेष रूप से निर्देशित किया है। शहर में डेंगू प्रभावित इलाकों में सघन अभियान जारी रखते हुए डेंगू लार्वा नियंत्रण के लिए टेमिफॉस और लार्विसाइड के छिड़काव पर विशेष जोर देने के साथ शहर की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश नगर निगम को दिए गए हैं।



ब्लड सेपरेटर मशीन का लोगों को मिले अधिक से अधिक लाभ, वित्त मंत्री श्री चौधरी के निर्देश-गौरतलब है कि वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायगढ़ से मरीजों को उनकी आवश्यकता अनुसार त्वरित रूप से प्लेटलेट और ब्लड कंपोनेंट उपलब्ध कराने के निर्देश मेडिकल कॉलेज प्रबंधन देते हुए कहा कि लोगों को अधिक से अधिक इस ब्लड सेपरेटर मशीन का लाभ मिलना चाहिए। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायगढ़ के ब्लड बैंक में अत्याधुनिक कम्पोनेंट सेपेरेटर उपकरण से होल ब्लड, पैक्ड रेड सेल्स, फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा, प्लेटलेट कंसंट्रेट, क्रायो प्रेसिपिटेट कम्पोनेंट की सुविधा उपलब्ध है। जहां से डेंगू मरीजों के उपचार के लिए प्लेटलेट 300 रुपए की स्क्रीनिंग शुल्क के साथ प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही यहां अन्य ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन की भी सुविधा है।

आयुष्मान कार्ड से प्लेटलेट सहित यह ब्लड कंपोनेंट निःशुल्क प्राप्त किए का सकते हैं। लोगों की सुविधा के लिए सभी ब्लड कंपोनेंट्स के उपलब्धता की जानकारी222.eraktkosh.in वेबसाईट पर अपडेट की जा रही है।

# जहरीले सांप के डसने से मां-बेटी की मौत,भसेरा गांव में पसरा मातम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,9 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में एक दुखद घटना घटी है. यहां जहरीले सांप के डसने से मां-बेटी की मौत हो गई है. इस घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है. यह मामला फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के भसेरा गांव की है यहां जहरीले सांप के डसने से मां-बेटी की मौत हो गई है. इस घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है जानकारी के अनुसार, भसेरा गांव निवासी कृष्णा साहू अपनी पत्नी लता साहू और चार बच्चों के साथ रात में अलग- अलग चारपाई पर सो रहे थे. तभी देर रात एक जहरीले सांप ने लता साहू और उनकी बड़ी बेटी ऐश्वर्या साहू (13 वर्ष) जो कक्षा 9 की छात्रा है, को डस लिया. घटना की जानकारी मिलते ही तड़के सुबह कृष्णा साहू ने फिंगेश्वर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मां-बेटी को प्राथमिक उपचार के लिए लाया. लेकिन दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें महासमुंद के अस्पताल में रेफर किया गया. इस दौरान मां लता साहू ने रस्ते में ही दम तोड़ दिया. वहीं अस्पताल पहुंचने के बाद इलाज के दरमियान ऐश्वर्या साहू उम्र 13 वर्ष ने भी अंतिम सांस ली. इस घटना ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया है.इस घटना के बाद ग्रामीणों ने कृष्णा साहू के तीनों बच्चों वंदना साहू (8 वर्ष), खुशी साहू (5 वर्ष) और भुनेश्वर (3 वर्ष) को फिंगेश्वर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए लाया गया. तीनों बच्चे खतरे से बाहर हैं.



## बेदरे कन्या छात्रावास में पढ़ने वाली छात्रा की मौत,विभाग ने भेजी टीम

**बीजापुर,9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। भैरमगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले बेदरे कन्या छात्रावास में एक छात्रा की मौत हो गई है। आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारी डॉ आंनद जी सिंह ने बताया की मुझे भी इसकी जानकारी मिली है। विभाग की और से दो टीमों को रवाना किया गया चुंकि बेदरे में नेटवर्क की समस्या है वहां के अधीक्षक से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। टीम के आने के बाद ही छात्रा की मौत किस कारण से हुई है यह स्पष्ट कह पाने की बात अधिकारी ने कही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिनों से छात्रा की तबीयत ठीक नहीं थी। बेदरे कन्या छात्रावास की अधिक्षिका कमला ताडो है। हालांकि छात्रा की मौत किस बीमारी से हुई है और इलाज में अधिक्षिका ने किसी तरह की लापरवाही बरती है या नहीं यह जांच का विषय है। लेकिन एक मासूम छात्रा की मौत हो जाना यह दुःखद है। पिछले महीने मलेरिया से हुई थी दो मासूम बच्चियों की मौत – बतादें की पिछले महीने 12 जुलाई से 14 जुलाई के बीच में मलेरिया की बीमारी से दो मासूम बच्चियों की मौत हुई थी। जिसके बाद छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री को भी बीजापुर जिले में आना पड़ा था।

## कलेक्टर, एसपी एवं एडिशनल एसपी पहुंचे आरसेटी बीजापुर



**बीजापुर,9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईपीएस श्री वैभव बैंकर ने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर के प्रशिक्षण में पहुंचकर प्रशिक्षु युवाओं का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने वर्तमान समय में सोशल मीडिया के महत्व एवं उनके उपयोग संबंधी जानकारी एवं आवश्यक मार्गदर्शन दिए।एसपी डॉ. जितेन्द्र यादव ने सोशल मीडिया को वैधानिक तरीके से उपयोग करने, विवादित कंटेट एवं पोस्ट से बचने, पूरी तरह से तथ्यात्मक जानकारी साझा करने, कापीराईट एक्ट सहित विभिन्न वैधानिक विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं एडीशनल एसपी आईपीएस श्री वैभव बैंकर ने कहा कि बीजापुर की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर माओवादी गतिविधियों से हो रही थी किंतु अब बीजापुर के सकारात्मक खबरे यहां के जन-जीवन, आदिवासी संस्कृति प्राकृतिक एवं पर्यटन स्थलों को भी लोग जानने लगे हैं। सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर के रूप में यहां की सकारात्मक पहलुओं को भी उजागर करना आवश्यक है। जिससे राष्ट्रीय स्तर पर बीजापुर जैसे प्राकृतिक सौन्दर्यता से परिपूर्ण यहां की विशुद्ध संस्कृति और सभ्यता की जानकारी मिल सके और नए अवसर सृजित हो सके।उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के पहला जिला बीजापुर है जो स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर सुलभ कराने देश-दुनिया से जुड़ने सोशल मीडिया में एक्सपर्ट बनाने के लिए सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर का प्रशिक्षण कराया जा रहा है।स्थानीय युवाओं में प्रशिक्षण को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया एक्सपर्ट द्वारा युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, गुगल, यूट्यूब सहित कंटेट लिखना, पोस्ट करना, सोशल मीडिया एक्ट की जानकारी सहित सोशल मीडिया का उपयोग करके किस तरह आय अर्जित कर सकते है। शासन-प्रशासन की योजनाओं का समुचित ढंग से लोगों को कैसे लाभान्वित किया जा सकता है विस्तारपूर्वक बताया जा रहा है।इस अवसर पर डायरेक्टर आरसेटी श्री पी गुप्तेश्वर राव, सहायक संचालक कौशल विभाग श्री गौरव पाण्डेय सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं प्रशिक्षकगण उपस्थित थे।

## जिले के 25 मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों का किया गया उन्नयन

**गरियाबंद, 9 अगस्त।** गरियाबंद टी.एल की बैठक में आज जिलाधिश दिपक अग्रवाल अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिए जिसमें प्रमुख रूप से गरियाबंद जिले के अंतर्गत 125 मिनी आंगनवाड़ी केद्रो को आंगनबाड़ी केंद्र का दर्जा दे दिया गया वहीं इन 125 आंगनबाड़ी केन्दों के लिए साहिकओ की भर्ती की प्रक्रिया भी प्रारंभ किया गया। वही 15 अगस्त को होने वाले झंडा वादन के लिए तैयारी का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि 9 अगस्त से 15 अगस्त तक घर-घर झंडा एक अभियान चलाया जाएगा और हर कोई अपने घर मे झंडा लगाएंगे इसी तरह उन्होंने यह भी बतलाया कि एन जी टी में सभी धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर निर्देशित किया है कि सड़क पर कोई भी कार्यक्रम नहीं होंगे ,साथी 15 अगस्त को एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन जिले के सभी पंचायत में किया जाएगा। इस अवसर पर यह भी जिलाधीश ने दीपक अग्रवाल ने निर्देश दिया की नगरी निकाय एवं पंचायत में सभी जगह नालियों एवं सड़कों की पर्याप्त साफ सफाई किया जाए ताकि बरसात का पानी जम ना हो ।वही स्कूल शिक्षा को लेकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिक्षक बराबर पूरे समय साल में उपस्थित रहें। शिक्षा के प्रति लापरवाही कदापी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा स्वच्छता अभियान पर उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा कि नगर और पंचायते पूरी तरह से स्वच्छ होना चाहिए इस अवसर पर उन्होंने आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड के साथ ही अन्य विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की पर्याप्त प्रचार एवं प्रसार के निर्देश दिया । उन्होंने कहा खाद्यान्न का उठाव पर्याप्त रूप से हो जाना चाहिए ।एस डी एम को उन्होंने निर्देशित किया आंगनबाड़ी, आश्रम व शासकीय कार्यालय का समुचित निरीक्षण कर पर्याप्त व्यवस्था देखें ।इस अवसर पर बतलाया गया कि जिले में 1494 आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित है जिनमें 125 मिनी आंगनवाड़ी को आंगनबाड़ी के रूप में उन्नयन कर दिया गया है

## शिविर में योजनाओं से लाभान्वित हुए लोग

**रायगढ़, 9 अगस्त।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही ग्रामीणों की आवश्यकता एवं समस्याओं के समाधान के लिए लैलूंगा विकासखंड के ग्राम पंचायत तोलगे में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय नागरिक सहित 25 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। मौके पर पात्र हितग्राहियों को सामग्री प्रदान किए गए। ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों के माध्यम से 2074 आवेदन तथा आज आयोजित शिविर में 582 आवेदन प्राप्त हुए थे। इस तरह कुल 2656 आवेदनों में से 2010 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शेष आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करते हुए आवेदकों को सूचित करने के निर्देश दिए गए। इससे पूर्व आयोजित 2 जन समस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों का 97 प्रतिशत निराकरण किया जा चुका है, जिसका कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल समय-सीमा की बैठक में नियमित रूप से समीक्षा करते है। इस दौरान विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का स्थानीय विधायक श्रीमती विद्यावती सिदार एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव सहित अतिथियों ने निरीक्षण किया।लैलूंगा विधायक श्रीमती विद्यावती सिदार ने जनसमस्या निवारण शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के लोगों की छोटी-बड़ी समस्याओं का गांव में ही निदान हो रहा है। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने कहा कि शासन की योजनाएं जनसामान्य तक पहुंचे एवं उनका क्रियान्वयन शत-प्रतिशत हो इसके लिए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## कृषकों को दिया प्रशिक्षण



**बीजापुर,9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कृषि विज्ञान केन्द्र, बीजापुर में स्वर्ण जयंती समारोह सह धान की खरपतवार नियंत्रण एवं पोषक तत्व प्रबंधन पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। भारत वर्ष में कृषि विज्ञान केन्द्रों का 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सम्पूर्ण भारत में स्वर्ण जयंती समारोह का मशाल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसके तारतम्य में श्री ए. के. सकनी, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, बीजापुर द्वारा श्री डिप्रोशन बंजारा, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, दंतेवाड़ा को स्वर्ण जयंती मशाल सौंपी गई। कृषि विज्ञान केन्द्र, बीजापुर के विषय वस्तु विशेषज्ञ बी के ठाकुर द्वारा धान की फसल में लगने वाले विभिन्न खरपतवारों के बारे में जानकारी दी जैसे संकरी पत्ती वाले, चौड़ी पत्ती वाले और मोता कुल, इन सभी खरपतवारों के प्रबंधन का सुझाव किसानों के साथ साझा किया गया। इसी कड़ी में जिले के उप संचालक, श्री पी.एस. खुसरे द्वारा लघु धान्यों के महत्व के बारे में किसानों को बताया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र, बीजापुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख ने धान की फसल में पोषक तत्वों के महत्व के बारे में जानकारी किसानों को दी गई जिसमें सभी प्रकार के उर्वरकों को प्रयोग करने की विधियों के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए श्री डिप्रोशन बंजारा, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, दंतेवाड़ा द्वारा फसल विविधता के बारे में किसानों को जानकारी दी। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र, बीजापुर के प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ. दिनेश कुमार मरापी, श्री सहदेव सूर्यवंशी, श्री राजेन्द्र कुमार घ्रुव एवं श्री भुनेश्वर लिंगम सहित अन्य कर्मचारी गण कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सहभागिता दी।

## कारखाना अधिनियम के प्रावधानों के तहत जुलाई माह में आपराधिक प्रकरण श्रम न्यायालय में दायर

**रायगढ़, 9 अगस्त।** उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ जिले में स्थापित कारखानों में घटित दुर्घटनाओं एवं विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर कारखाना अधिनियम 1948 के प्रावधानों के तहत कारखानों में निरीक्षण/ जांच कर पाये गये उल्लंघन हेतु कारखाना मेसर्स रूपणाधाम स्टील प्रा.लि., ग्राम-सराईपाली के विरूद्ध 3 जुलाई 2024, मेसर्स अंजनी स्टील लिमिटेड, ग्राम-उजवलपुर, मेसर्स एमएसपी स्टील एण्ड पावर लिमिटेड, ग्राम व पोस्ट-जामगांव, मेसर्स राधेश गोविंद स्टील एण्ड एलॉयज प्रा.लि., 102, ओपी जिंदल इण्डस्ट्रीयल पार्क पूंजीपथरा, मेसर्स जिंदल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड, यूनिट-2, खरसिया रोड रायगढ़, मेसर्स स्पेशल ब्लॉस्ट लिमिटेड, ग्राम-सराईपाली के विरूद्ध 9 जुलाई एवं मेसर्स नवदुर्गा फ्यूल प्रा.लि, ग्राम-सराईपाली के विरूद्ध 19 जुलाई से 23 जुलाई 2024 को आपराधिक प्रकरण माननीय श्रम न्यायालय रायगढ़ में दायर किया गया है।

जनदर्शन



## जन दर्शन में 30 आवेदन प्राप्त हुए, जिलाधीश ने निराकरण के दिये निर्देश

**गरियाबंद, 9 अगस्त।** जन दर्शन कार्यक्रम के मध्य लगभग 30 आवेदन जिलाधीश दीपक अग्रवाल को प्राप्त हुए जिनमें प्रमुख रूप से राशन कार्ड आयुष्मान कार्ड राजस्व भूमि पर बेजा कब्जा पीएम आवास ,वन अधिकार पट्टा, गांव में हुए अतिक्रमण शिक्षकों की मांग, अतिरिक्त साल भवन के साथ ही जमीन के विवाद के प्रकरण प्राप्त हुए जिन पर जिलाधीश ने समस्त आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई का निर्देश जिला के विभिन्न एसडीएम व जिला स्तर के अधिकारियों को दिया

## फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि अब 16 अगस्त को

**बीजापुर,9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उप संचालक कृषि श्री पीएस कुसरे ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं कुटकी का बीमा करा सकते हैं। वहीं वर्ष 2024-25 के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार ने खरीफ फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़कर 16 अगस्त तक कर दी गई है।किसानों के फसल को प्रतिकुल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किए जाने वाले किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत ऋणी एवं अऋणी किसान जो भू-धारक एवं बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं। बीमा करने हेतु कृषक संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी या कृषि विभाग के जिला अथवा विकासखण्ड मुख्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## शुद्ध पेयजल के लिए कोपरा नपं का 12 अगस्त को घेराव, ग्रामीणों ने दिया अल्टीमेटम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबन्द, 9 अगस्त।** कोपरा नगर पंचायत के के नागरिकों ने आवेदन देते हुए कहा कि नगर में शुद्ध पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था न होने के चलते नगर पंचायत के नगर पंचायत के प्रति लोगों में नाराजगी बनी हुई है लोक परेशान है आज इस मुद्दे को लेकर नगर के दर्जनों लोग गरियाबंद जन्म दर्शन कार्यक्रम में पहुंचे थे और नगर में पर्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर जिलाधीश दीपक अग्रवाल को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि अगर यह समस्याएं समाप्त नहीं होगी तो हुए 12 अगस्त को नगर पंचायत कार्यालय का घेराव करेंगे घेराव कर प्रदर्शन करेंगे इस अवसर पर नगर के सक्रिय युवक गोरेलाल सिन्हा ने कहा लंबे समय से नगरवासी शुद्ध पेयजल की मांग कर रहे हैं किंतु दुर्भाग्य है कि उनकी मांगों को सुनने वाला कोई नहीं है ।पी एम आवास देने की बात कही जा रही है किंतु लोग पीएम आवास के लिए लाइन लगाए खड़े हैं कोई पी एम आवास नहीं मिल रहा है नगर के पंचायत के सीएमओ की कार्यप्रणाली व्यवस्थित नहीं है जिसके चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है अगर समय रहते ठीक नहीं किया गया तो नगर की व्यवस्थाएं बिगड़ सकती है नगर पंचायत को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था किया जाना चाहिए अन्यथा वे 12 अगस्त को नगर पंचायत का घेराव कार्यक्रम करेंगे साथी उन्होंने इस अवसर पर ज्ञानी बतलाया कि पीएम आवास अब तक लोगों को उपलब्ध नहीं हो पाया है इसके लिए प्राथमिकता से कार्य करें और लोगों को होने वाली नगर पंचायत से दिक्कतों से मुक्ति दिलाए अन्यथा वे आंदोलन व उग्र प्रदर्शन करेंगे।



### विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस पर 14 अगस्त को कार्यक्रम होगा

**बीजापुर,9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत के बटवारे के दिन को विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस के तौर पर भारत सरकार द्वारा 14 अगस्त को मनाया जाता है। जिसकी शुरुआत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 14 अगस्त 2020 को की गई है। जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा विभाजन विभिषिका दिवस पर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संगोष्ठी प्रातः 11:00 से 12:00 बजे तक कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। जिसमें जनमानस को अपने-अपने विचार साझा करने हेतु आमंत्रित किया गया है।

### वाक इन इंटरव्यू का आयोजन 30 अगस्त को

**बीजापुर,9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं डीआरडीए प्रशासन योजना जिला बीजापुर अंतर्गत कार्य करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी 30 अगस्त 2024 को कार्यालय जिला पंचायत बीजापुर में प्रातः 11:00 बजे सम्पूर्ण दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर वाक इन इंटरव्यू में सम्मिलित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिले के वेबसाईटwww.bijapur.gov.in का अवलोकन कर सकते हैं।

## मीनूर और गोरला के ग्रामीणों नहीं होगी आने जाने में परेशानी, चिंताबागू नदी में बनेगा पुल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भोपालपटनम, 9 अगस्त।** भोपाल पटनम विकास खण्ड के ग्राम गोरला और मीनूर के बीच बहती चिंता बागू नदी मे प्रशासन की पहल से अब वहां पूल बनेगा आठ करोड़ से भी अधिक राशि से पूल निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है इस प्रस्ताव को राज्य सरकार के पास भेजा गया है जिसके जल्द स्वीकृति मिलने की उम्मीद है यहाँ बतादें भोपाल पटनम का ये दोनों गांव चिंता बागू नदी से लगे हुये है इस कारण दोनों गांव के लोगो को विशेष कर बारिश के समय बाढ होने से राशन सामग्री ले जाने मे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है मिडिया. मे खबर के बाद प्रशासन हरकत मे आया और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और.सिथति का अवलोकन किया ग्रामीणों की परेशानी को समझा और समस्या से.निजात दिलाने यहां पूल बनाने का निर्णय लिया जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है प्रस्ताव की स्वीकृति के.लिए राज्य सरकार को भेजा गया है यहां यह भी उलेखनीय कि चिंताबागू नदी मे बाढ के चलते राशि इतयादि के लिए कभी कभी ग्रामीण जान जोखिम में डाल कर गंज के सहारे नदी पार करते है प्रशासन ने ग्रामीणों की इस चिंता को दूर करने चिंता बागू नदी मे पूल बनाने का काम शूरू कर दिया है. जिला कलेक्टर के इस पहल से ग्रामीणों मे बेहद खुशी है अब पूल बन. जाने की उम्मीद से ग्रामीणों. को राहत मिलने की आस जागी है



## कलेक्टर लंगेह ने ली 15 अगस्त की प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में बैठक

**महासमुंद 9 अगस्त ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) की प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में बैठक ली। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर जिला मुख्यालय में मुख्य समारोह प्रातः 9:00 बजे शुरू होगा। कार्यक्रम मिनी स्टेडियम पर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस. आलोक, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, डिप्टी कलेक्टर सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर सशस्त्र पुलिस जवानों, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट गाइड, रेड क्रॉस के छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह में अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन होगा। उन्होंने कहा कि जिले के अन्य कार्यालयों में ध्वजारोहण प्रातः 7:30 बजे संपन्न करा लिया जाए तथा जिला कार्यालय भवन में प्रातः 08:00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभाग के अधिकारियों को स्थल एवं अन्य तैयारियों के लिए जिम्मेदारी दी। इसके साथ ही उन्होंने सभी कार्यालय मुख्यालय में 15 अगस्त पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित करने कहा तथा 14 अगस्त की शाम को सभी शासकीय कार्यालय व मुख्यालय भवन में समुचित रोशनी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## इलाज के दौरान मरीज के हाथ में हुई दिक्कत के संबंध में अधीक्षक ने दी जानकारी

**रायगढ़, 9 अगस्त।** मरीज के हाथ को काटने की नौबत आ जाने के संबंध में खबरें समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी। जिसके संबंध में संत बाबा गुरू घासीदास जी स्मृति, शासकीय चिकित्सालय, रायगढ़ के अधीक्षक डॉक्टर मनोज कुमार मिंज ने जानकारी देते हुए बताया कि संत बाबा गुरू घासीदास जी स्मृति, शासकीय चिकित्सालय, रायगढ़ के मेडिसीन विभाग अंतर्गत फिमेल मेडिकल वार्ड में 19 वर्षीय कुमारी मुस्कान रात्रे, निवासी मिट्ठुमुड़ा रायगढ़ जो कि 4 अगस्त 2024 की सुबह चिकित्सालय के आपातकालीन चिकित्सा विभाग में उल्टी-दस्त के उपचार हेतु भर्ती हुई थी। इसके उपचार हेतु चिकित्सक के द्वारा दवाएं लिखी गई।

# संभव स्टील ने किया प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोरा में किया गया सम्मान समारोह का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**तिल्दा-नेवरा, 9 अगस्त।** संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड तिल्दा के सौजन्य से शाशकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोरा को मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी सर्टिफिक्रेट परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र, मोमेंटो एवं नकद पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया गया संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड तिल्दा की एमडी शीतल गोयल, सरपंच बिहारी राम वर्मा एवं अन्य अतिथियों के द्वारा विद्या की देवी मां शारदा का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक नृत्य एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जो सभी उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में पेंटिंग प्रतियोगिता भी करवाया गया अतिथियों ने प्रतियोगिता में बनाए गए पेंटिंग्स का अवलोकन किया. छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया. उन्होंने सभी पेंटिंग्स की प्रशंसा की व प्रत्येक पेंटिंग को सराहा.अतिथियों द्वारा सभी प्रतिभागियों को संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड तिल्दा के सौजन्य से स आकर्षक पुरुष्कार वितरण किया

संभव स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा के एम डी विकास गोयल एवं भावेश खेतान ने सभी मेधावियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें गर्व का अनुभव हो रहा है, आज वे स्कुल के उन सर्वश्रेष्ठ बच्चों से मिल रहे हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा के बल पर यह दिखाया है कि शिखर पर जाने के लिए एक स्पष्ट उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता है। शिक्षा से जीवन की सभी चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। शिक्षा में भक्ति जैसी सारगर्भिता होनी चाहिए।

एम डी शीतल गोयल ने मेधावी विद्यार्थियों से कहा कि यह जीवन की प्रारंभिक सीढ़ी है। जीवन की प्रत्येक सीढ़ी पर आपको चुनौतियां मिलेंगी, जिन पर आपको विवेक और बुद्धि के बल पर पार पाना होगा। न तो मेहनत का कोई विकल्प होता है और न ही शॉर्ट कट कभी हमें स्थायी सफलता की ओर ले जाता है। इसलिए हमें विकल्प रहित संकल्प लेकर लगातार मेहनत करनी है। इस दौरान ग्राम सरोरा के सरपंच बिहारी राम वर्मा ने कहा की मेधावी छात्र छात्राओं का यह सम्मान समारोह उनके उज्जवल भविष्य को बेहतर बनाने के लिए और उनकी हौसला अफ्जाई करने के लिए किया गया है। आज के समय में शिक्षा बहुत जरूरी है उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि आप भोजन एक समय करें लेकिन छात्र छात्राओं को शिक्षित अवश्य करे, उन्होंने कहा आज के छात्र छात्राएं कल के भविष्य हैं

शिक्षकों की सही मार्गदर्शन से छात्र-छात्राएं मेधावी बनते हैं और अपने लक्ष्य के प्राप्ति करते हैं अभिभावकों का अगर पूरा सहयोग छात्र-छात्राओं को मिल जाए तो निश्चित तौर पर उन्हें सफलता प्राप्त हो सकती है मेधावी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सम्मान समारोह में सरोरा स्कुल के प्राचार्य अनिल वर्मा ने यह बात कही इस कार्यक्रम में सम्मान पाकर गदगद नजर आए.छात्र-छात्राओं का कहना है कि उन्होंने अपनी मेहनत से आज यह मुकाम हासिल किया है। बाकी छात्र-छात्राओं से भी यही उम्मीद है कि वह अपनी मेहनत और लगन से पढ़ाई करें और अपने देश व प्रदेश का नाम रोशन करें। सफलता का यह श्रेय छात्र-छात्राओं ने अपने परिजनों व गुरुजनों को दिया है। सम्मान समारोह में हुए शामिल छात्र छात्राएं काफी खुश है और वह संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड तिल्दा का धन्यवाद कर रहे हैं कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड तिल्दा एम डी शीतल गोयल, सरोरा के सरपंच बिहारी राम वर्मा, उप सरपंच राकेश ठाकुर, जनप्रतिनिधिगण, पंचगण, एवं ग्रामीण स्कुल के शिक्षक, छात्र-छात्राए , संभव स्पंज पावर प्रा.लि. के एम.जी.के. मूर्ति, सुचिता जैन, धर्मेश वैश्य, सुतनु गोस्वामी, चिरंजित रॉय, राजकुमार निषाद, उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### स्वामी करपात्री की जयंती मनाई गई



**भाटापारा, 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गोवर्धन मठ पूरी पीठ के शंकराचार्य के द्वारा स्थापित पीठपरिषद, आदित्यवाहिनी, आनंद वाहिनी के द्वारा पं. झम्मन शास्त्री के मार्गदर्शन मे धर्म सम्राट श्रीस्वामी करपात्री के 117 वॉ जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य मे शिव मंदिर, मारवाड़ी कुँवा, मे शिव का रुद्राभिषेक, संकीर्तन, सामोहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं प्रसादी वितरण किया गया। जिसमे क्षेत्र के सनातनी धर्म प्रेमी उपस्तिथ रहे। कार्यक्रम के पश्चात आदित्यवाहिनी के राष्ट्रीय महामंत्री विजय शर्मा ने बताया की आद्य शंकराचार्य भगवान के बाद पूरे भारतवर्ष में वैदिक सनातन हिन्दू धर्म एवं भारतीय संस्कृति तथा सनातन धर्म के सार्वभौम सिद्धांतों की स्थापना हेतु स्वामी जीवन पर्यन्त दृढ़तापूर्वक तत्पर रहे। विशेष साधना के क्रम में अपने करकमलों में जितना भोजन आ जाए प्रसन्नतापूर्वक प्रसाद मानकर ग्रहण कर लेते थे, इसलिए आपको करपात्रीजी महाराज' के नाम से ख्याति प्राप्त हुई। अपने अल्प जीवनकाल में साहित्य सृजन के माध्यम से जो चेतना जागृत की है वह सदैव इतिहास में अविस्मरणीय रहेगा। उसके पश्चात् पीठपरिषद के जिला संयोजक सत्यनारायण जोशी, पीठपरिषद से प्रेमचन्द भूषानिया, महेश चौबे एवं अन्य भक्तो ने भी उनके जीवन के बारे मे अपने भाव रखे और उसके पश्चात प्रसाद वितरण के बाद आयोजन संम्पन्न हुवा । इस जयंती महोत्सव मे नरेश शर्मा, सरिता शर्मा, सरिता जोशी, रवि गुप्ता, गौरव बावला, जगदीश वैष्णव, मिलिन जोशी, लोकेश जोशी, चेतन शर्मा, आकाश पुरोहित, शिवांश बावला, जय देवांगन एवं अन्य भी पीठपरिषद, आदित्यवाहिनी, आनंदवाहिनी के सदस्यों साथ साथ शहर के गणमान्यजनो की उपस्थिती रही।

## एक नजर

### स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन 14 को

**बलौदाबाजार, 9 अगस्त।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन पंडित चक्रपाणि विद्यालय परिसर खेल मैदान में सुबह 7 बजे से किया जाना है। स्वतंत्रता दौड़ पं.चक्रपाणी स्कूल खेल मैदान से प्रारंभ होकर गौरव पथ रोड से यातायात कार्यालय के बगल रोड होकर बस स्टैण्ड, गार्डन चौक, तहसील कार्यालय रोड से पं.चक्रपाणी स्कूल खेल मैदान में समापन किया जायेगा। दौड़ में जिला मुख्यालय के स्कूल, कॉलेज के छा्त्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नारिक, आमजन व अधिकारी कर्मचारी 14 अगस्त को सुबह 7 बजे निर्धारित स्थान पर भाग ले सकते है।

### सोनाखान में जनसमस्या निवारण शिविर 25 अक्टूबर को

**बलौदाबाजार, 9 अगस्त।** कलेक्टर दीपक सोनी क़े मार्गदर्शन में कसडोल विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाना था जिसके स्थान पर संशोधन करते हुए अब सोनाखान में 25 अक्टूबर को शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें विभागों क़े अधिकारी विभागीय अमलों क़े साथ उपस्थित रहेंगे। शिविर क़े माध्यम से लोगों की समस्या, शिकायत व मांग से सम्बंधित आवेदनों का निराकरण यथासंभव स्थल पर ही किया जाएगा।

### पुलिस ने अवैध महुआ शराब बनाने के लिए कुख्यात सबरिया डेरा व पथरीडेरा टुण्डरा में मारा छापा

# 30 लीटर कच्ची शराब बरामद की और 4.40 क्विंटल महुआ पास नष्ट किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 9 अगस्त।** मुखबिर से सूचना मिली कि टुण्डरा नगर सबरिया डेरा एवं पथरीडेरा में आसपास के क्षेत्र में सप्लाई करने के लिए कुछ लोगों द्वारा भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बनाकर डम्प किया गया है। इसके साथ ही अवैध महुआ शराब बनाने के लिए महुआ पास (लहान) भी भारी मात्रा में रखा गया है, जिसका उपयोग आगे चलकर महुआ शराब बनाने में किया जाएगा। कि सूचना पर 8 अगस्त को निरीक्षक के.सी.दास सहायक उप निरीक्षक गोकुल पटेल, प्रधान आरक्षक पीलाराम, मालिक राम, आरक्षक सुजीत तंबोली, रामलाल, मिलन साहू एवं महिला आरक्षक उर्मिला एक्का की पुलिस टीम द्वारा सुनियोजित योजना बनाकर दोनों स्थानों में छापा मारा गया। इस दौरान मौके पर अपने घर बाडी में अवैध महुआ शराब का निर्माण करते हुए आरोपी गिरजा बाई उम्र 46 साल निवासी टुण्डरा थाना गिधौरी को पकडा गया है। आरोपी से 6000 कीमत मूल्य का 30 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है।

तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा भारी मात्रा में महुआ शराब पकड़े जाने के डर से उसे छुपा कर कहीं रखे होने के अंदेशा पर दोनों स्थानों का बारीकी से निरीक्षण किया गया, जिसमें दोनों स्थानों पर तथा आरोपिया के घर बाड़ी में महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल लगभग 30, 000 कीमत मूल्य का 04 क्विंटल 40 किलोग्राम महुआ पास (लहान) भी बरामद किया गया, जिसे पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही नष्ट किया गया है। कि प्रकरण में पकडे गए आरोपी के विरुद्ध थाना गिधौरी में 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर, न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए, जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

**जल ही जीवन है इसे व्यर्थ नस बहाएं**

# कलेक्टर ने की सड़क निर्माण विभागों के कार्यों की समीक्षा

## निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य को पूरा कराने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 अगस्त।** कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में सड़क निर्माण कार्य से जुड़े विभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले में स्वीकृत, प्रगतिरत, पूर्ण तथा अप्रारंभ कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जिले में प्रगतिरत सभी सड़क निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा कराने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए हैं। इसके साथ ही बरसात से प्रभावित सड़कों को भी शीघ्र मरम्मत करने के निर्देश दिए है। जिसमे मुख्य रूप से सिमगा मार्ग, रिसदा चौंक, बलौदाबाजार से सुहेला मार्ग, मुढ़ीपार से पिपरछेढ़ी, पुटपूरा से दौनासर मार्ग, लवन से सीरियाडीह, चिचिरदा चौंक से गांव पहुंच मार्ग, बलौदाबाजार से दशरमा रोड, कोदवा से देवसुंदरा मार्ग, रोहरा से दौरेंगा मार्ग, कसडोल-बया, चादन, सोनाखान गिधौरी मार्ग, भाटापारा सेमरिया घाट पुल, हथबंध सिमगा मार्ग, सेमरिया ब से मटिया मार्ग पुल सहित अन्य मार्ग शामिल है। इसके साथ ही कलेक्टर सोनी ने राष्ट्रीय राज्य मार्ग के अधिकारियों से जिले में गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग में चल रहे निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग में निर्माणाधीन कार्यों के पूरा होने की अवधि की जानकारी लेते हुए इसे शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में ई ई पीडब्लूडी ईई वर्मा ने अपने विभाग के प्रगतिरत सड़क निर्माण कार्यों की जानकरी दी। उक्त बैठक में लोक निर्माण विभाग, एडीबी, नेशनल हाईवे, पीएमजीएसवाय आदि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# फील्ड में जाकर करें गिरदावरी : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 अगस्त।** राजस्व त्रुटि सुधार के नए मॉड्यूल के सम्बन्ध में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बुधवार को कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने कार्यशाला में पटवारी एवं तहसीलदारों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु जरुरी निर्देश दिए। उन्होंने 1 अगस्त से शुरु हुए गिरदावरी कार्य को गंभीरतापूर्वक एवं शुद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि पटवारी गिरदावरी के लिए फिल्ड में जाएं और जितनी रकबा में जो फसल लगी है उसकी वास्तविक जानकारी दर्ज करें। गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर ही समर्थन मूल्य में धान खरीदी हेतु किसानों के जमीन का रकबा तय होता है इसलिये गिरदावरी को गंभीरतापूर्वक करें।उन्होने कहा कि कार्य में लापरवाही या गुणवत्ता में समझौता क्षम्य नहीं होगी और सम्बंधित पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि राज्य शासन द्वारा तहसीलदार को त्रुटि सुधार के लिए अधिकृत किया गया है लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ निराकरण करें। त्रुटि सुधार हेतु नए मॉड्यूल भी लांच की गई है। नए माड्यूल में त्रुटि सुधार के लिए पटवारियों को प्रशिक्षण में सभी जानकारी दें तथा किसी प्रकार की दिक्कत या सुझाव हो तो प्रोग्रामर को बताएं ताकि राज्य स्तर पर जरुरी सुधार किया जा सके। कार्यशाला में त्रुटि सुधार के नए मॉड्यूल के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही संकलन, विलोपन एवं ऑनलाइन त्रुटि सुधार की बारीकियों को बताया गया। कार्यशाला में संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडे सहित सभी तहसीलदार एवं पटवारी उपस्थित थे।

# 30 पाव देशी मसाला शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 9 अगस्त।** थाना सिमगा पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है इसी क्रम में आज दिनांक 08/08/2024 को थाना सिमगा की पुलिस टीम द्वारा ग्राम दुलदुला तालाब के पास मोटरसाइकिल में अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 3300 कीमत मूल्य का 30 पाव देशी मसाला शराब तथा अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त बजाज ष्टञ्ज-100 मोटरसाइकिल क्र. ष्टत्न10 श्वक्क3150 कीमती जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिमगा में अपराध क्र. 296/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी रामकुमार उम्र 35 साल निवासी ग्राम खैरघट थाना सिमगा को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।


**//कार्यालय-सेनानी, 15वीं वाहिनी, (भा./र.), छसबल, धनौरा बीजापुर//**

**!!निविदा आमंत्रण की सूचना!!**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक **M/3650-A** दिनांक **06/08/24** की ओर से निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं से **ए.के.47/इंसास रायफल मैगजीन पोंच (6 Big magazine pouches 6 small pouches for bullets round grenade/miscellaneous adjustable belts for customized size)** प्रदान करने हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर (आयकर प्रमाण पत्र सहित) रूपये 750/- नगद भुगतान कर दिनांक 22/08/2024 समय 15:00 बजे के पूर्व कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01. | निविदा बिक्री की अंतिम तिथि | - | 22/08/2024 समय 15:00 |
| 02. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | - | 28/08/2024 समय 15:00 |
| 03. | निविदा खोलने की तिथि | - | 08/08/2024 समय 16:00 |
| 04. | निविदा खोले जाने का स्थान | - | कार्यालय 15वीं बटा. (भा.र.) छसबल, धनौरा बीजापुर छत्तीसगढ़ |
| 05. | आवंटन राशि | - | 9.45.000/- |

सेनानी
15वीं वाहिनी (भा/र) छसबल
बीजापुर

जी-242501736/4



**कार्यालय कलेक्टर (जिला निर्माण समिति) जिला-नारायणपुर (छ.ग.)**

**मैन्युअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/220/जि.नि.स./2024-25 — नारायणपुर, दिनांक 05/08/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत केवल 'ई' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल पद्धति से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

01. निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 28/08/2024 सायं 5.00 बजे तक
02. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- 13/09/2024 सायं 5.00 बजे तक
03. निविदा खोले जाने की तिथि :- 16/09/2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक

| सं.क्र. | कार्य का नाम | जोन क्र. | अमानत राशि (लाख में) | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | रू 10.00 लाख से कम लागत के भवन/मंच/ बाउन्ड्रीवाल/नाली/अन्य निर्माण कार्य (सड़क एवं सड़क से संबंधित कार्यों को छोड़कर) | 01 | 0.15 | 20.00 |
| 02 | | 02 | | 20.00 |
| 03 | | 03 | | 20.00 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, निविदा विज्ञप्ति, निविदा प्रपत्र एवं निविदा से संबंधित अन्य विवरण/जानकारी कार्यालयीन अवधि में जिला निर्माण समिति नारायणपुर (कार्यालय जिला पंचायत नारायणपुर, द्वितीय तल) से प्राप्त की जा सकती है, एवं आवेदन के साथ लोक निर्माण विभाग का ई-पंजीयन प्रस्तुत कर निविदा प्रपत्र प्राप्त की जा सकती है।

नोडल अधिकारी
जिला निर्माण समिति
जिला-नारायणपुर (छ.ग.)

जी-242501708/4


# निर्माणाधीन साहू भवन में लगे एंगल को असामाजिक तत्वों ने तोड़ा, कार्रवाई की मांग



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 9 अगस्त।** निर्माणाधीन तहसील साहू भवन कोटा रोड वॉर्ड नंबर 14 में असमाजिक तत्वों ने रात्रि को समाज द्वारा फेंसिंग तार व पोल को बुधवार की रात को बुरी तरह से तोड़ दिया है जिसे लगे हुए अभी कुछ दिन हुआ है, जिसके विरोध में साहू समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस थाना नेवरा तिल्दा पहुंच कर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करा कर कड़ी कार्यवाही की मांग किया तहसील साहू समाज के 134 ग्रामो के मुख्यालय भवन निर्माण की घोषणा पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया ने किया था जिसके लिए नगरीय प्रशासन ने 20 लाख की राशि जारी किया उक्त निर्माण कार्य नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा के द्वारा किया जा रहा है, इस अवसर पर तहसील साहू समाज के पोषण साहू, गिरेंद्र साहू, मोहनसाहू, शिव साहू, फावाराम साहू, लेखराम साहू, योगेंद्र साहू, रामलाल साहू, भुनेश्वरी साहू, केशव साहू, भुवन साहू, माखन साहू, पवन साहू, मनीष साहू, हीरालाल साहू, चंद्रशेखर साहू, डोमार साहू, त्रिलोचन साहू, मनोहर साहू, सहित कई सामाजिक पदाधिकारियों ने रोष प्रदर्शन करते हुए सक्त कार्यवाही की मांग किया दोबारा इस तरह के कृत्य होने पर समाज द्वारा आंदोलन करने की बात कही।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**आम सूचना**

**विषय:-सीमांकन बाबत्/स्थल जांच बाबत्।**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के आदेश क्रमांक 116 दिनांक 16/07/2024 के पालन में ग्राम सिकोला पटवारी हल्का नंबर 16 भूमिस्वामी श्री रमेश देशमुख पिता फागुराम देशमुख निवासी गंजपारा दुर्ग के द्वारा ग्राम सिकोला में स्थित भूमि खसरा नंबर 291/5 रकबा 0.019 हे. जिसकी सीमा उत्तर में कांति बाई दक्षिण में 10 फीट रास्ता पूर्व में विक्रेता दौलतराम वगैरह की भूमि पश्चिम में नाला है। उक्त खसरा नंबर का सीमांकन दिनांक 13/08/2024 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 12.00 बजे किया जावेगा। किसी भी व्यक्ति/संस्था को उक्त खसरा नंबर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा, ले-आउट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। तत्पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**जारी दिनांक 05/08/2024**

राजस्व निरीक्षक
सिकोला तहसील,
जिला-दुर्ग (छ.ग.)



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202408092100005
अ/6 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक आनंद कोठारी आयु 46 वर्ष आत्मज स्व. भागचंद कोठारी जाति माहेश्वरी निवासी पटेल वार्ड नं. 17 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) एवं अनावेदक सुरेश कुमार कोठारी आयु 64 वर्ष आ. गणेशलाल कोठारी जाति माहेश्वरी निवासी पटेल वार्ड नं. 17 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) आपस में सगे चाचा-भतिजा है। अनावेदक के एकल स्वामित्व एवं आधिपत्य में नजूल शहर वार्ड नं. 17 गोलबाजार डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) में स्थित भूतल भूमि दुकान क्रमांक शीट क्रमांक 05 भूखण्ड क्रमांक 1294/4 (ए) में से 670'5'' वर्गफीट 62.338 वर्गमीटर बिना लगानी स्थित है। अनावेदक अपनी उक्त भूमि भुखण्ड क्रमांक 1294/4 (ए) में से 670'5'' वर्गफीट 62.338 वर्गमीटर भूमि दुकान को पंजीयत दान पत्र दिनांक 28.06.2024 को उप पंजीयक कार्यालय डोंगरगढ़ में निष्पादित कर कब्जा सौंप दिया है। पंजीयत दान पत्र के अधिकार से आवेदक उक्त दान शुदा भूमि दुकान का भूमि स्वामी आधिपत्यधारी है अतः उक्त भूमि दुकान के राजस्व अभिलेख में अनावेदक का नाम विलोपित किया जाना आवश्यक है। नजूल शहर वार्ड नं. 17 गोलबाजार डोंगरगढ़ में स्थित मकान शीट क्रमांक 05 भूखण्ड क्रमांक 1294/4 (ए) में से 670'5'' वर्गफीट 62.338 वर्गमीटर में अनावेदक का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज कर अभिलेख दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 30/08/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)



**कार्यालय कलेक्टर (जिला निर्माण समिति) जिला-नारायणपुर (छ.ग.)**

**मैन्युअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/226/जि.नि.स./2024-25 — नारायणपुर, दिनांक 05/08/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'सी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल पद्धति से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

01. निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 28/08/2024 सायं 5.00 बजे तक
02. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- 13/09/2024 सायं 5.00 बजे तक
03. निविदा खोले जाने की तिथि :- 16/09/2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक

| सं.क्र. | कार्य का नाम | जोन क्र. | अमानत राशि (लाख में) | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | रू 50.00 लाख से कम लागत के पुलिया/नाली/ टो-वॉल/सड़क निर्माण कार्य/बीटी सड़क एवं सड़क से संबंधित अन्य कार्य | 01 | 1.50 | 200.00 |
| 02 | | 02 | | 200.00 |
| 03 | | 03 | | 200.00 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, निविदा विज्ञप्ति, निविदा प्रपत्र एवं निविदा से संबंधित अन्य विवरण/जानकारी कार्यालयीन अवधि में जिला निर्माण समिति नारायणपुर (कार्यालय जिला पंचायत नारायणपुर, द्वितीय तल) से प्राप्त की जा सकती है, एवं आवेदन के साथ लोक निर्माण विभाग का ई-पंजीयन प्रस्तुत कर निविदा प्रपत्र प्राप्त की जा सकती है।

नोडल अधिकारी
जिला निर्माण समिति
जिला-नारायणपुर (छ.ग.)

जी-242501710/6

